@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

गुरूवार, 12 मार्च 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 126 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला पर हमला, फायरिंग में बाल-बाल बचे

**कौमी पत्रिका**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया- अल्लाह मेहरबान है। मेरे पिता बाल-बाल बच गए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग का मामला सामने आया है। हमला उस वक्त हुआ जब वे जम्मू के ग्रेटर कैलाश स्थित रॉयल पार्क में एक शादी समारोह में शिरकत करने के बाद उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के साथ वापस लौट रहे थे। दोनों नेता पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुरानी मंडी निवासी हमलावर कमल सिंह जम्वाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉ. फारूक अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ग्रेटर कैलाश के रॉयल पार्क में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। समारोह में शिरकत करने के बाद जैसे ही दोनों नेता बाहर निकल अपनी गा?ियों की तरफ ब? रहे थे तभी वहां मौजूद आरोपी ने गोलियां चला दीं। अचानक हुई फायरिंग से शादी समारोह में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मौके पर मौजूद दोनों नेताओं के मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए हमलावर को दबोच लिया। आरोपी कमल सिंह के पकड़े जाने के बाद उसे स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी कमल सिंह ने पुलिस हिरासत में कहा कि वह 20 साल से डॉ. फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। उसने यह भी कहा कि उसे आज (बुधवार) को मौका मिला। पुलिस और खुफिया एजेंसियां कमल सिंह जम्वाल से कड़ी पूछताछ कर रही हैं। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी हथियार लेकर कार्यक्रम स्थल तक कैसे पहुंचा। इस घटना के बाद पूरे जम्मू शहर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। डिप्टी सीएम ने इसे सुरक्षा में चूक बताया। मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी ने कहा कि खुदा का शुक्र है कि सब सुरक्षित हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया- अल्लाह मेहरबान है। मेरे पिता बाल-बाल बच गए। फिलहाल पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता चला है कि एक व्यक्ति भरी हुई पिस्तौल लेकर बिल्कुल करीब आ गया और गोली चला दी। सुरक्षा दल ने हत्या के प्रयास को नाकाम कर दिया। कोई व्यक्ति जेड+ एनएसजी से सुरक्षित पूर्व मुख्यमंत्री के इतने करीब कैसे पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस कांग्रेस के विधायक एजाज अहमद जान ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला एक समारोह में गए थे। हम सब उनके साथ थे। जब हम समारोह से निकल रहे थे, तभी एक आदमी पीछे से आया और बहुत तेजी से दौड़ते हुए डॉक्टर साहब (फारूक अब्दुल्ला) की पीठ पर रिवाल्वर रखकर गोली चला दी, लेकिन गोली चूक गई। डॉक्टर साहब (फारूक अब्दुल्ला) के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया, नीचे गिरा दिया, उसे दबाया और बड़ी मुश्किल से उससे पिस्तौल छीन ली। फिर हम वहां से निकलकर घर वापस आ गए।

## दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में तरनजीत सिंह संधू ने शपथ ली

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली स्थित लोक निवास में हुए एक समारोह में दिल्ली के 23वें लेफ्टिनेंट गवर्नर के तौर पर शपथ ली। दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने संधू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। यह समारोह लोक निवास में आयोजित किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। संधू ने विनय कुमार सक्सेना का स्थान लिया है। विनय कुमार सक्सेना को अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। तरनजीत सिंह संधू 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। वह संयुक्त राज्य अमेरिका मामलों के सबसे अनुभवी भारतीय राजनयिकों में से एक रहे हैं। उन्होंने वाशिंगटन, डी.सी. स्थित भारतीय दूतावास में कई बार कार्य किया है। संधू फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत थे। 63 वर्षीय संधू जुलाई 2005 से फरवरी 2009 तक संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में भी रहे थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, %मैं उपराज्यपाल का स्वागत करती हूं। आप दिल्ली को और अधिक गति से बढ़ाने के लिए यहां आए हैं। हमारा पूरा विश्वास है कि आपके यहां होने से दिल्ली की गति और बढ़ेगी। दिल्ली की समस्याओं का और समाधान मिल पाएगा। आपके मार्गदर्शन में दिशा निर्देश के अनुसार दिल्ली सरकार काम करेगी% तरनजीत सिंह संधू का राजनयिक करियर काफी लंबा और प्रभावशाली रहा है। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाशिंगटन, डी.सी. में भारतीय दूतावास में उनका अनुभव विशेष रूप से उल्लेखनीय है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में भी उन्होंने सेवा दी थी। यह उनके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की गहरी समझ को दर्शाता है। संधू ने 2024 में राजनीति में कदम रखा था। उन्होंने पंजाब के अमृतसर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। अब उन्हें दिल्ली के उपराज्यपाल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह उनकी प्रशासनिक और सार्वजनिक सेवा की नई पारी है। बता दें कि तरनजीत सिंह संधू विनय कुमार सक्सेना की जगह ले रहे हैं, जिन्हें हाल ही में लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू 1988 बैच के आईएफएस अधिकारी रहे हैं और अमेरिका में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर चुके हैं।



## सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो अच्छा लगेगा

**• अब सभी किताबें रिव्यू करें**

*'कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया।'*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाय, अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता।

सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ



की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने बेंच को भरोसा दिलाया कि पाठ्यक्रम की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी।

इसके साथ ही एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है। इससे पहले 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। अदालत ने आदेश दिया है कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

## रविशंकर प्रसाद के वक्तव्य पर राहुल ने कहा- मेरे बारे में बेबुनियाद बातें कही गईं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारियों को लेकर भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के वक्तव्य के बाद सदन में भारी हंगामा हुआ। अपनी सफाई में राहुल गांधी ने कहा, 'मेरे विरुद्ध अत्यंत



बेबुनियाद और निराधार बातें कही गई हैं।' उन्होंने आगे जोड़ते हुए कहा कि पिछली बार चर्चा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बुनियादी सवाल उठाया था। संसद में बोलते हुए रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधा और उनके विदेश यात्राओं के दौरान उनके आचरण पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल का जिक्र करते हुए रविशंकर प्रसाद ने सुझाव दिया कि राहुल गांधी को इस बात का मार्गदर्शन चाहिए कि विपक्ष के नेता को सदन में कैसा व्यवहार करना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वेणुगोपाल को राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के आचरण के बारे में कुछ सिखाना चाहिए। जिस पर विपक्ष की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। उन्होंने सदन में पूर्व सेना प्रमुख के अप्रकाशित किताब का जिक्र करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना भी की। उनके इस बयान पर विपक्षी सांसदों ने नारे लगाते हुए विरोध जताया।

हंगामे के बीच राहुल गांधी ने रविशंकर प्रसाद को जवाब दिया और सदन में अपने बयान का बचाव किया।

### राहुल गांधी 'लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा', सदन के नियम तोड़ते हैं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष (एलओपी) के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा' बताया। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशों में भारत और भारतीय लोकतंत्र की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं और सदन के नियमों का भी पालन नहीं करते। सदन में बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कुछ लोग इस सदन में माइनस ट्रिपल सी के साथ आते हैं- न सिविक सेंस, न कॉमन सेंस और न ही कॉन्स्टिट्यूशनल सेंस। जब हम लोकसभा के सदस्य बने थे, तब हमें बताया गया था कि सदन के अंदर कैसे व्यवहार करना चाहिए। लेकिन एक व्यक्ति है जो इन सभी नियमों को तोड़ता है, और वह है प्रोपेगेंडा का लीडर। '

### प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रायपुर।** महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी 2026 की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी 2026 की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले नोबेल विजेता नोवोसेलोव

### लोहम के साथ प्रदेश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च व इंजीनियरिंग का हब बनाने पर की चर्चा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** भौतिकी के लिए संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही लोहम कंपनी ने प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा की। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोबेल पुरस्कार विजेता नोवोसेलोव, लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर



प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की और राज्य में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। लोहम ने प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने चर्चा की। इस फैसिलिटी के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि नोबेल पुरस्कार विजेता कोंस्टेंटिन नोवोसेलोव, जो ग्रैफीन की खोज के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं, लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर और सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य उन्नत मटेरियल साइंस को औद्योगिक स्तर पर बैटरी तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में लागू करना है।

## केजरीवाल-सिसोदिया समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 11 मार्च। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दिल्ली आबकारी नीति मामले के कई अन्य आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से किसी अन्य बेंच में ट्रांसफर करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने तर्क दिया है कि निष्पक्षता सुनिश्चित करने और न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए मामले की सुनवाई एक निष्पक्ष बेंच द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इसी आबकारी मामले में जज द्वारा पारित कई आदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। अपने पत्र में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह अनुरोध एक गंभीर और वास्तविक चिंता के कारण किया गया है। उन्हें डर है कि इस मामले में पूरी तरह से निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने मांग की है कि सीबीआई बनाम कुलदीप सिंह और अन्य मामले को किसी अन्य बेंच के सामने रखा जाए। इससे न्याय प्रणाली में निष्पक्षता और जनता का विश्वास बना रहेगा। पत्र में बताया गया है कि 17 अगस्त 2022 को दर्ज सीबीआई एफआईआर में अरविंद केजरीवाल को आरोपी नंबर 18 बनाया गया था। उन्हें 26 जून 2024 को गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने 23 आरोपियों से जु?ी पांच चार्जशीट पर लगभग दो महीने तक आरोपों पर बहस सुनी। इसके बाद 12 फरवरी 2026 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। 27 फरवरी 2026 को विशेष सीबीआई अदालत ने एक विस्तृत आदेश पारित किया। इसमें सभी 23 आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया। दिल्ली हाईकोर्ट की कार्यवाही का हवाला देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीबीआई ने आरोप मुक्त करने के आदेश को चुनौती देते हुए लगभग 50 पन्नों की एक रिवीजन याचिका दायर की है। हालांकि पत्र के अनुसार, इस याचिका में निचली अदालत के निष्कर्षों या सबूतों में किसी भी विशिष्ट गलती को उजागर नहीं किया गया है। ऐसा कोई कारण नहीं बताया गया है, जिससे आरोप मुक्त करने के आदेश को रद्द किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि 9 मार्च 2026 को पहली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया। हाई कोर्ट ने आरोप मुक्त किए गए आरोपियों को सुने बिना ही प्रथम दृष्टया यह विचार दर्ज कर लिया कि निचली अदालत का विस्तृत आदेश गलत था। हाई कोर्ट ने जांच अधिकारी के खिलाफ निचली अदालत की टिप्पणियों और निर्देशों पर भी रोक लगा दी। इनमें संभावित विभागीय कार्रवाई से संबंधित निर्देश भी शामिल थे। जबकि सीबीआई ने केवल सीमित रोक की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल ने यह भी बताया कि हाई कोर्ट ने संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामले की सुनवाई कर रही निचली अदालत को भी कार्यवाही स्थगित करने का निर्देश दिया। यह निर्देश तब तक के लिए है जब तक हाई कोर्ट सीबीआई की रिवीजन याचिका पर विचार नहीं कर लेता। पत्र में कहा गया है कि ईडी रिवीजन कार्यवाही में कोई पक्षकार नहीं था। सीबीआई ने भी ऐसी कोई राहत नहीं मांगी थी। पत्र में तर्क दिया गया है कि आरोप मुक्त किए गए आरोपियों को सुने बिना शुरुआती चरण में ऐसे निर्देश जारी करना चिंता पैदा करता है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या रिवीजन याचिका की जांच आवश्यक न्यायिक तटस्थता के साथ की जाएगी। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि इस मामले में कई चार्जशीट और 23 आरोपी शामिल हैं। इसके बावजूद जवाब दाखिल करने के लिए केवल एक सप्ताह का समय दिया गया। पत्र में इसे इतने ब? मामले में असामान्य जल्दबाजी बताया गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इसी बेंच ने पहले आबकारी नीति मामले से जुड़े कई केसों पर फैला सुनाया था।

शेष पृष्ठ 3 पर

## भविष्य सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा: राष्ट्रपति

**● जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहुआयामी और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। राष्ट्रपति ने बुधवार को यहां आयोजित जल महोत्सव 2026 में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा



कि लंबे समय तक गांवों में लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पीने का पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का विषय नहीं था बल्कि समय, स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरुआत की, जिसके माध्यम से अब ग्रामीणों को अपने घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी संसाधन की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ पूरा समाज मिलकर उठाता है, तब उसका संरक्षण अधिक प्रभावी और स्थायी होता है। जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक स्वामित्व की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'जल अर्पण दिवस' के तहत जल आपूर्ति ढांचे को ग्राम पंचायतों को सौंपने से सामुदायिक स्वामित्व की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह जल परीक्षण, संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

## नक्सलियों के डंप से सबसे बड़ी बरामदगी

**3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना मिला, एके-47 समेत 101 घातक हथियार जब्त**

**एजेंसी**

**बस्तर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आज नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण पुणे मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत हुआ। कार्यक्रम राज्य के डीजीपी अरुण देव गौतम और एडीजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में हुआ। बस्तर आईजी सुंदरराज पी सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी। बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण



कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था। अधिकारियों का कहना है कि सरकार की पुनर्वास नीति प्रभावी साबित हो रही है। लगातार चल रहे सुरक्षा अभियानों के कारण नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज में वापसी की है। यह आत्मसमर्पण बस्तर में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगी।

## मदुरै में मीनाक्षी चिथिरै महोत्सव 19 अप्रैल से होगा शुरू

**मदुरै।** तमिलनाडु के सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक धार्मिक उत्सवों में से एक मदुरै चिथिरै महोत्सव के कार्यक्रमों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष यह महोत्सव 19 अप्रैल को ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। इसका समापन 1 मई को होगा। मधुराइन मीनाक्षी मंदिर की प्रबंधन समिति ने एक बयान जारी कर कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस उत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में मीनाक्षी तिरुकल्याणम (दिव्य विवाह), रथ उत्सव और कल्लाझगर के वैगई नदी में अवतरण शामिल हैं। उन्होंनेबताया कि मदुरै चिथिरै महोत्सव 19 अप्रैल को ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा।

## दुबई से लौटा नौसैनिक गिरफ्तार

आगरा (एजेंसी)। यूपी एटीएस ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय नौसेना यानी नेवी में लांस नायक है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। आरोपी ने आईएसआई एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। एटीएस ने आरोपी आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा में उसके गांव कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा है। उसकी 22 दिन पहले ही शादी हुई थी। वह हनीमून मनाने दुबई गया था। 3 दिन पहले ही वहां से लौटा था। लांस नायक ने अपने बैंक खाते से आईएसआई एजेंट को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। इसकी पुष्टि उसके पास मिले दस्तावेजों से हुई है। लांस नायक आदर्श कुमार की तैनाती कोच्चि (केरल) में दक्षिणी नेवल कमांड में थी। एटीएस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि आदर्श पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई को भारत से जुड़ी अहम जानकारियां भेज रहा है। एटीएस ने लकी को उसके गांव से पकडक़र पूछताछ की। इसमें पुष्टि हुई कि उसने बेहद संवेदनशील सूचनाएं साझा की। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की भी जांच की गई, जिसमें उसके जासूस होने की पुष्टि हुई। एटीएस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगरा कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया। एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि कहीं इस जासूसी नेटवर्क में और लोग तो शामिल नहीं हैं।

## आसाराम ने किया रामलला के दर्शन

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या पहुंचे नाबालिग से रेप केस में सजायफ्ता आसाराम ने बुधवार को रामलला का दर्शन किया। 3 वाहनों का काफिला आदि शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर के अंदर पहुंचा। उसे विशिष्ट मेहमान की तरह रामलला का दर्शन कराया गया। हनुमानगढ़ी की सीढिय़ां अधिक होने के कारण वे वहां दर्शन करने नहीं जा सका। राममंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल जी ने आसराम को राम मंदिर के बारे में बताया। मंदिर निर्माण की जानकारी दी। आसाराम ने करीब 10 मिनट तक रामलला का दर्शन किया। इस दौरान रामलला की मोहिनी सूरत को अपलक निहारता रहा। मंदिर के सोने के दरवाजों और दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियों सहित मंदिर की भव्यता को निहारा। करीब 30 मिनट तक राममंदिर में बिताने के लक्ष्मण किला वापस आ गया। अयोध्या के बाद उसका अगला पड़ाव क्या होगा, इसकी जानकारी देने से सेवादार बच रहे हैं।

## नक्सलियों के डंप से सबसे बड़ी बरामदगी, 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना मिला

जगदलपुर (एजेंसी)। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बुधवार को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी। इन हथियारों में एके 47, इंसास, एलएमजी और बीजीएल शामिल थे। नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ रुपये नकद और 1.64 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद किया गया। इसे अब तक के नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी डंप बरामदगी माना जा रहा है। यह सभी सामग्री बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों से बरामद की गई थी। इनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले शामिल हैं। बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था।

## युद्ध के बीच कतर में फंसे 1,000 भारतीयों की हुई सुरक्षित भारत वापसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और तनाव के बीच, कतर में फंसे भारतीय नागरिकों को लेकर राहत की खबर है। भारतीय दूतावास के प्रयासों और कतर एयरवेज के सहयोग से करीब एक हजार भारतीय नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया गया। दूतावास की तरफ से एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि मंगलवार को कतर एयरवेज की उड़ानों से लगभग 1,000 भारतीय यात्री नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि पहुंचे। दूतावास ने फ्रमानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देनेफ्र के लिए एयरलाइन को धन्यवाद दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कतर एयरवेज की एक उड़ान बुधवार को नई दिल्ली के लिए तय है। दूतावास ने कहा कि वह 96 घंटे की वैधता वाले अस्थायी पारगमन वीजा पर सलवा सीमा के रास्ते सऊदी अरब जाने वाले भारतीय नागरिकों की यात्रा को सुगम बनाना जारी रखे हुए है। दूतावास ने बताया कि कतर में फंसी भारतीय बास्केटबॉल टीम सऊदी अरब से उड़ान भरकर भारत पहुंची। पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण कई भारतीय नागरिक यात्रा संबंधी बाधाओं का सामना कर रहे थे। भारतीय विदेश मंत्रालय और दूतावास की त्वरित सक्रियता ने यह तय किया है कि संकट में फंसे नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला जाए। इस पहल से उन परिवारों ने बड़ी राहत की सांस ली है, जिनके परिजन वहां फंसे हुए थे।

## गुरुग्राम में मिट्टी धंसने से हुई सात मजदूरों की मौत की जांच की मांग

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में मिट्टी धंसने से सात मजदूरों की मौत के मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से मामले की जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि गुरुग्राम के बिलासपुर थाना क्षेत्र के सिधरावली गांव में स्थित सिग्नेचर ग्लोबल के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चल रही खुदाई के दौरान बेसमेंट में अचानक मिट्टी धंसने से हादसा हो गया था। इस दुर्घटना में सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने आयोग को भेजी शिकायत में कहा है कि करीब 60 फीट गहरे बेसमेंट में मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण मजदूरों की जान गई है, जो मानव अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने आयोग से मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए, हादसे के लिए जिम्मेदार बिल्डर, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मृतकों के स्वजन को उचित मुआवजा और घायल मजदूरों के समुचित उपचार की व्यवस्था तय की जाए।

# केंद्रीय मंत्री का दावा बोले- घबराने की जरुरत नहीं है हमारे पास ईंधन के पर्याप्त और पुख्ता इंतजाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद, केंद्र सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत में ईंधन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संभावित सप्लाई बाधाओं को लेकर चिंताओं को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि सरकार मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने तिरुचिरापल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित विभाग लगातार वैश्विक घटनाक्रमों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईंधन की बिल्कुल भी कमी नहीं है और स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, क्योंकि भारत अपनी तेल आवश्यकता का लगभग 80-90प्रतिशत हिस्सा मध्य पूर्व के देशों से आयात करता है। उन्होंने बताया कि इस संकट के समाधान के लिए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से चर्चा की गई है और सरकार व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सक्रिय है। साथ ही, युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

बाजार को स्थिर करने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रिफाइनरियों को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करें और प्रमुख हाइड्रोकार्बन को एलपीजी पूल की ओर मोड़ें। नई व्यवस्था के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। घरों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी औसत खपत का 80 पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता और उर्वरक संयंत्रों को 70 पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता हिस्सा आवंटित किया जा रहा है। आपूर्ति संतुलन बनाए रखने के लिए रिफाइनरियों की गैस आपूर्ति में 35 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह सुरक्षात्मक कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के कारण लॉजिस्टिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। भारत का करीब 30 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात इसी मार्ग से होता है, जहां युद्ध के कारण जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, जमीनी स्तर पर छोटे खाद्य व्यवसायी अभी भी कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर चिंतित हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। सरकार अब अल्पावधि की कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यापार मार्गों की तलाश कर रही है ताकि ऊर्जा सुरक्षा अक्षुण्ण रहे।

## 524 गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक ले उड़े चोर, हाईवे किनारे खाली मिला ट्रक

**-ट्रक मालिक ने रिपोर्ट कराई दर्ज, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

झांसी (एजेंसी)। यूपी के झांसी में इन दिनों इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर प्रत्यक्ष रूप से दिखने लगा है। यहां एलपीजी और पेट्रोलियम की कमी देखने को मिल रही है। एलपीजी गैस की भारी कमी के बीच झांसी से एक अजब गजब मामला सामने आया, जिसमें हाईवे के किनारे खड़ी एक ट्रक में रखे गए 524 गैस सिलेंडर चोरी हो गए, जिसकी खबर सामने आते ही सनसनी फैल गई। इस मामले को लेकर ट्रक मालिक ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपी का झांसी जिला 524 सिलेंडर गायब होने के चलते चर्चा में आ गया सिलेंडर की कुल कीमत करीग 18 लाख रुपए बताई जा रही है। सिलेंडर गायब होने के कुछ दिन बाद या ट्रक हाईवे के किनारे खाली मिला इस मामले को लेकर पुलिस तहकीकत कर रही है। अभी तक जो जानकारी सामने आई है उसमें यह ट्रक भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के करी प्लांट का बताया जा रहा है जो 2 मार्च को लिक्विड पेट्रोलियम गैस एलपीजी के 524 सिलेंडर लेकर कानपुर देहात जा रहा था। ट्रक ड्राइवर गाड़ी में सिलेंडर लगने के बाद त्यौहार मनाने होली पर घर चला गया। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सिलेंडरों से भरा ट्रक ही चोरी कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक जब जीपीएस से लोकेशन को ट्रैक किया गया तब इसकी जानकारी लगी जीपीएस के लोकेशन पर ट्रक मालिक मौके पर पहुंचे तो पाया कि गाड़ी परीक्षा थर्मल पावर प्लांट के पास हाईवे के किनारे खड़ी थी, जिसमें से सभी सिलेंडर गायब थे वही चोरों ने ट्रक में लगे ट्रैकिंग डिवाइस को भी तोड़ दिया था, जिससे इसको ट्रैक करना मुश्किल हो गया था। वहीं सीसीटीवी के फुटेज और तकनीक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि इस घटना को लेकर जल्द ही बदमाशों की पहचान कर खुलासा कर दिया जाएगा। अजब गजब मामला तब हुआ है जब एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर चारों तरफ अपरा तफरी मची है।

## आजम खां और उनके बेटे से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में अंतिम सुनवाई 16 को

**रामपुर (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के रामपुर में आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान के खिलाफ दो पैन कार्ड मामले में चल रही अपील पर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने अपीलकर्ता पक्ष को अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर देकर मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च तय की है।

यह मामला वर्ष 2019 में आकाश सक्सेना (भाजपा विधायक) की शिकायत पर रामपुर की सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला के लिए अलग-अलग जन्मतिथि के आधार पर दो पैन कार्ड बनवाए और उनका इस्तेमाल किया। पुलिस ने जांच पूरी कर पिता-पुत्र के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर 2025 को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) ने आजम और अब्दुल्ला को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ दोनों ने सेशन ट्रायल कोर्ट में अलग-अलग अपील दाखिल की थी और साथ ही जमानत याचिका भी दी थी। इन अपीलों पर संयुक्त रूप से सुनवाई चल रही है। पहले अपीलकर्ता पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें रखीं, जिसके बाद अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली।

वहीं दूसरी ओर आजम खां के खिलाफ गवाह को धमकाने के एक अन्य मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला मुहल्ला बेरियान निवासी नन्हे की शिकायत पर 17 अगस्त 2022 को शहर कोतवाली में दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि डूंगरपुर प्रकरण में गवाही देने से रोकने के लिए कुछ लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने जांच के बाद आजम खां समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। यह मामला भी एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में विचाराधीन है, जिसमें आरोप तय हो चुके हैं और अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों की गवाही कराई जा रही है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

# पीएम मोदी का कोई राज तो ट्रंप के पास है, जिसकी वजह से वह गुलाम बने हुए हैं

**-केजरीवाल ने एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। केजरीवाल ने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए उन्हें ट्रंप का गुलाम तक बताया दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी का कोई राज ट्रंप के पास है जिसकी वजह से वह देश को बर्बाद कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने युद्ध में अमेरिका और इजराइल का पक्ष लिया और ईरान को दुश्मन बना लिया है, इसी वजह से यह संकट पैदा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एलपीजी संकट पर सरकार की विदेश नीति की आलोचना की। उन्होंने गैस आपूर्ति में कमी के लिए पीएम मोदी को सीधे जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इससे एक करोड़ लोगों का रोजगार जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है। पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत है। इसका कारण है कि देशभर में जितना उत्पादन होता है उसमें से 50 फीसदी कम हो गई है। 60 फीसदी गैस देश में आयात होता है और इसमें से 90 फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता था, जो युद्ध की वजह से बंद कर दिया गया है। केजरीवाल ने कहा कि ईरान रूस और चीन जैसे दोस्तों को यहां से गुजरने की इजाजत दे रहा है, लेकिन भारत को नहीं।

केजरीवाल ने मुंबई, तमिलनाडु, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान आदि का नाम लेते हुए कहा कि हजारों होटल बंद हो गए हैं और आने वाले दिनों और ज्यादा बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात के मोरबी में ही टाइल्स कारोबार से जुड़े एक लाख लोग बेरोजगार हो चुके हैं और देश में तुरंत एक करोड़ से ज्यादा लोगों को बेरोजगार होने की संभावना है। पूर्व सीएम ने कहा कि 75 साल से भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता की थी जिसे पीएम मोदी ने ध्वस्त कर दिया है। केजरीवाल ने कहा कि युद्ध शुरू होने से एक दिन पहले उन्हें इजराइल जाने की क्या जरूरत थी। उन्होंने पूरे देश को संकट में डाल दिया है। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं यह समझ से परे हैं। भारत हमेशा से गुटनिरपेक्षता का पक्षधर था। ईरान जो हमारा पुराना दोस्त था उसे हमने अपना दुश्मन बना लिया है।

केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे ये शब्द इस्तेमाल करने में बहुत शर्म महसूस हो रही है, प्रधानमंत्री जी ट्रंप के गुलाम बने हुए हैं। 140 करोड़ लोगों के महान देश को पीएम मोदी ने अमेरिका की कॉलोनी बना दिया है। अंग्रेजों ने इसलिए कब्जा कर लिया क्योंकि उस समय के राजा कमजोर थे, उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता था। उन्हें खरीदा जा सकता था। आज अमेरिका ने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है, क्योंकि पीएम कमजोर हैं। उसको ब्लैकमेल किया जा रहा है। उसको क्यों



ब्लैकमेल किया जा रहा है। एक एक देशवासी का खून खौल रहा है जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति से छोटे कर्मचारी तक हमारे प्रधानमंत्री का मजाक उड़ा रहे हैं। हमारा यही कसूर है कि हमारा प्रधानमंत्री कमजोर है।

केजरीवाल ने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि कॉटन ड्यूटी हटा लो पीएम मोदी ने कहा जी हुजूर। ट्रंप ने कहा कि रूस से तेल मत खरीदो- मोदी ने कहा जी हुजूर। इससे देश को 8 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सामान पर जीरो ड्यूटी होगी।

# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

**मंदिर समिति ने प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है।

### गंगोत्री धाम में प्रतिबंध

उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। श्री गंगोत्री



मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। यह प्रतिबंध न केवल गंगोत्री धाम पर बल्कि मां गंगा के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू होगा। श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि धाम में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध देवी के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 105 घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। यह कदम कुछ संतों और गंगा सभा के अनुरोधों के जवाब में उठाया जा रहा है। राज्य सरकार कथित तौर पर हरिद्वार और ऋषिकेश दोनों को सनातन पवित्र शहर (पवित्र नगर) घोषित करने की योजना बना रही है।

## गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का शंखनाद: गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन शुरू

**लखनऊ (एजेंसी)।** उप्र की राजधानी लखनऊ में गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का औपचारिक शंखनाद होने जा रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विजय मुहूर्त में गौमय गणेश की पूजा-अर्चना और गौ प्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना के साथ अपने इस बड़े आंदोलन का आगाज करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना और उनसे जुड़ी धार्मिक भावनाओं को संवैधानिक सम्मान दिलाना है।

जिला प्रशासन ने शहर की शांति व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सभा के लिए हरी झंडी तो दे दी है, लेकिन इसके साथ 26 सख्त शर्तें भी लागू की हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी धर्म, जाति या भाषा के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आयोजक बिना पूर्व अनुमति के कोई भी जुलूस या शोभा यात्रा नहीं निकाल सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है, जिसके



तहत रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं होगा और ध्वनि का स्तर 75 डेसीबल से अधिक नहीं रखा जा सकेगा।

यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हालिया विवादों के घेरे में हैं। उन पर गंभीर व्यक्तिगत आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, हालांकि वर्तमान में हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है। इस बीच स्वामी ने एक वीडियो संदेश जारी कर अपने समर्थकों से आह्वान किया है कि जो लोग लखनऊ नहीं पहुंच सकते, वे दोपहर ढाई बजे ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने घरों में शंखनाद करें। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि गौ माता के प्रति आस्था रखने वाले हर व्यक्ति का इस आंदोलन में स्वागत है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच आयोजन स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने यह शर्त भी रखी है कि पंडाल के भीतर सुरक्षा और पुलिस बल का खर्च आयोजकों को वहन करना होगा। किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में अनुमति तुरंत रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

# असम में आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं के खातों में सीएम सरमा ने ट्रांसफर किए 9-9 हजार रुपए



**-विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बीजेपी ने कर दिया खेला**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राज्य सरकार ने करीब 40 लाख आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के खातों में ओरुनोदोई योजना के तहत 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले इस योजना के तहत किया गया यह बड़ा भुगतान माना जा रहा है। सरकार की ओर से दी गई यह राशि चार महीने की अग्रिम सहायता के रूप में जारी की गई है। योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जाते हैं। इस बार जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल की किस्त अग्रिम दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने महिलाओं को 4,000 रुपए का विशेष बिहू बोनस भी दिया है, जिससे कुल मिलाकर प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 9,000 रुपए ट्रांसफर किए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के करीब 3,800 गांव पंचायतों और स्वायत्त परिषद क्षेत्रों में आयोजित सभाओं से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि यदि बीजेपी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिलता है तो राज्य में और बेहतर दिन आएंगे। सरमा ने कई नए वादे भी किए। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बनने पर राज्य में दो लाख नौकरियां दी जाएंगी। साथ ही हर परिवार को हर महीने मुफ्त राशन के रूप में एक-एक किलो नमक, चीनी, दाल और सरसों का तेल और 500 ग्राम चाय भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं में आर्थिक सहायता बढ़ाई जाएगी और युवा उद्यमियों के लिए भी सहायता का दायरा बढ़ाया जाएगा।

विपक्ष की ओर से इस भुगतान को चुनाव से जोड़कर देखे जाने के आरोपों को खारिज करते हुए सीएम सरमा ने कहा कि ओरुनोदोई योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी और इसका चुनावी कैलेंडर से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि योजना में लाभार्थियों का चयन सात पात्रता मानदंडों के आधार पर किया जाता है। इनमें विधवा, दिव्यांग महिलाएं, कैंसर रोगियों के परिवार, तलाकशुदा महिलाएं और संकटग्रस्त परिवार शामिल हैं।

सीएम सरमा ने कहा कि अगर यह चुनाव के लिए होता तो सभी को इसमें शामिल कर लिया जाता। यह मुफ्त की योजनाएं नहीं हैं। हम पिछले छह सालों से यह सहायता दे रहे हैं। हमारी चुनावी ताकत पीएम मोदी के नेतृत्व से आती है न कि इन योजनाओं से। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान' योजना के तहत अब तक 28.6 लाख महिला उद्यमियों को 10-10 हजार रुपए की शुरुआती पूंजी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के मॉडल को बिहार ने भी अपनाया और वहां विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत में यह एक अहम कारक माना गया है। बता दें पिछले कुछ चुनावों से तकरीबन हर राज्य में महिलाओं के लिए विशेष स्कीम लाई जा रही है।

# नोएडा पुलिस की जांच में खुलासा, बेटे ने की थी पिता की हत्या; कार की EMI बनी विवाद

नोएडा। एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में मिले एक शख्स के शव के मामले में पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक तारीख को एक व्यक्ति का शव डूब क्षेत्र में मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। अब इस हत्या के संबंध में मृतक के बेटे सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हत्या में प्रयुक्त ट्रैक्टर की रॉड भी बरामद कर ली गई है। हत्या का मुख्य कारण एक कार की किस्तों का भुगतान था। मृतक ने अपने बेटे के लिए किस्तों पर एक कार खरीदी थी। इस कार की किस्तों का भुगतान बेटा पिता के बैंक खाते से करता था। कुछ समय से बेटा अपने पिता को पैसे नहीं दे रहा था। इसी कारण पिता और पुत्र के बीच विवाद हो गया था। इस विवाद के चलते पुत्र सतेंद्र ने अपने पिता की हत्या कर दी। नोएडा, उत्तर प्रदेश: छूट्रक मनीषा सिंह ने कहा, एक तारीख को थाना क्षेत्र एक्सप्रेसवे में सूचना प्राप्त हुई थी कि डूब क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत की गई। आज मृतक की हत्या के संबंध में pic.twitter.com/uKdtDuzvs s पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या का मूल कारण आर्थिक विवाद था। मृतक ने अपने बेटे के लिए, किस्तों पर एक कार खरीदी थी। बेटे को इन किस्तों का भुगतान पिता के बैंक खाते में करना होता था। पिछले कुछ समय से बेटा यह भुगतान नहीं कर रहा था, जिससे पिता-पुत्र के बीच गहरा विवाद उत्पन्न हो गया। इसी विवाद ने अंततः हत्या का रूप ले लिया। शव के मिलने के बाद सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। गहन जांच के बाद पुलिस ने मृतक के पुत्र को आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया। हत्या में इस्तेमाल की गई ट्रैक्टर की रॉड भी बरामद कर ली गई है। मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

## जिला प्रशासन की टीम ने समय रहते हस्तक्षेप कर रुकवाया बाल विवाह

गुरुग्राम। डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सेक्टर-5 स्थित अशोक विहार क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बाल विवाह को रुकवाने में सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को निर्धारित एक विवाह के संबंध में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। जांच के दौरान लड़की की आयु 17 वर्ष 2 माह पाई गई। आयु कम होने की पुष्टि होने के बाद टीम ने तुरंत हस्तक्षेप कर विवाह को रुकवा दिया।

# लघुशंका के लिए रुके कंपनी के सीनियर एसोसिएट, बदमाशों ने बंधक बनाकर ट्रांसफर कराए रुपये

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में कार सवार चार बदमाशों द्वारा एक कंपनी के सीनियर एसोसिएट को असलहे के बल पर अपहरण कर मारपीट करने और मोबाइल छीनकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसी तरह बदमाशों के चंगुल से भागकर बच निकला और डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेवर क्षेत्र के गांव जेवर खादर निवासी बुद्धपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नोएडा सेक्टर 62 स्थित इनोडेटा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं। 4 मार्च की सुबह करीब पांच बजे वह अपनी टियागो ईवी कार से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। करीब साढ़े पांच बजे वह जीरो प्वाइंट से स्टेलर के पास शौच के लिए कार रोककर नीचे उतरे थे। आरोप है कि जैसे ही वह वापस अपनी कार में बैठने लगे तभी पीछे से एक नेक्सॉन कार आकर रुकी। उसमें से चार युवक उतरे और उनकी कार का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद बदमाशों ने असलहा दिखाकर उन्हें जबरन अपनी कार में बैठा लिया। आरोपियों ने उनकी टियागो कार को करीब तीन किलोमीटर आगे ले जाकर सड़क किनारे छोड़ दिया और उन्हें अपने साथ लेकर निकल गए। पीड़ित का आरोप है कि बदमाशों ने रास्ते में उनसे मारपीट की, मोबाइल फोन छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए बैंक खाते की जानकारी ली। आरोपियों ने उनके मोबाइल में मौजूद ऑनलाइन पेमेंट एप्लीकेशन जैसे फोनपे, गूगल पे और पेटीएम के पासवर्ड भी धमकाकर हासिल कर लिए। इसके बाद बदमाशों ने उनके घर फोन करवाकर खाते में एक लाख रुपये डलवाने को कहा। इस पर परिजनों ने घबराकर तत्काल 50 हजार रुपये उनके मोबाइल पर भेज दिए। बदमाश उन्हें पहले नोएडा की ओर और फिर दादरी होते हुए हापुड़ की ओर ले गए। रास्ते में गांव मसौता के पास बदमाश लघुशंका के लिए रुके। उसी दौरान मौका देखकर बुद्धपाल सिंह वहां से भागकर पास खड़े लोगों की ओर दौड़ पड़े और शोर मचाने लगे। लोगों को इकट्ठा होता देख बदमाश उन्हें वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में बीएनएस की धारा 324(4), 115(2), 351(2) और 309(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। एसीपी ग्रेटर नोएडा अरविंद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# घरेलू सहायिका ने हीरे का हार चुराया

गुरुग्राम। सेक्टर-54 स्थित सनसिटी सोसाइटी के एक घर से घरेलू सहायिका द्वारा करीब 12.50 लाख रुपये कीमत का डायमंड सेट चोरी करने की बात सामने आई है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 6 मार्च को घरेलू सहायिका के खिलाफ सेक्टर-53 थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। सेक्टर-54 स्थित सनसिटी निवासी सारांश त्रेहन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके घर में करीब आठ घरेलू सहायक काम करते हैं। इनमें पश्चिम बंगाल के कूच बिहार निवासी आसिमा बरमन भी काम करती थी। आसिमा पिछले करीब डेढ़ साल से पार्ट टाइम बच्चों की मालिश का काम करती थी, जबकि उसका पति इंदर घर में रसोइये का काम करता है। सारांश त्रेहन ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर 2025 को आसिमा बरमन छुट्टी लेकर अपने गांव चली गई थी। उस दिन जब वह छुट्टी पर जा रही थी तब त्रेहन व पत्नी घर पर मौजूद नहीं थे। कुछ दिन बाद जब पत्नी ने अलमारी में रखा डायमंड सेट (ब्रेसलेट, कानों के बुंदे व अंगूठी) निकालना चाहा, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद घर में काम करने वाले सभी घरेलू सहायकों से पूछताछ की गई। बातचीत के दौरान शक आसिमा बरमन पर गया। जब आसिमा से फोन पर बात की तो उसने डायमंड सेट चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि उससे गलती हो गई है और वह जल्द ही गुरुग्राम वापस आकर डायमंड सेट वापस कर देगी। इसके बाद आसिमा न तो गुरुग्राम वापस आई और न ही संपर्क किया। कुछ समय बाद उसने मोबाइल भी स्विचऑफ कर लिया।

# केजरीवाल-सिसोदिया समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

प्रथम पृष्ठ का शेष

इनमें संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल, अमनदीप सिंह ढल्ल, के. कविता और मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाएं शामिल हैं। पत्र के अनुसार उन मामलों में अदालत ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को स्वीकार करते हुए व्यापक प्रथम दृष्टया टिप्पणियां की थीं। इनमें सरकारी गवाहों के बयानों पर भरोसा करना, कथित नीतिगत हेरफेर, कथित रिश्वत और मनी ट्रेल की अनुपस्थिति से संबंधित मुद्दे शामिल थे। पत्र में यह भी बताया गया है कि हालांकि इनमें से कुछ मामले ईडी की कार्यवाही से उत्पन्न हुए थे। लेकिन वे कार्यवाहियां उसी सीबीआई एफआईआर पर आधारित थीं। उनमें वही बुनियादी आरोप शामिल थे जो अब आरोप मुक्त करने के आदेश के खिलाफ सीबीआई की रिवीजन याचिका के केंद्र में हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि इनमें से कई फैसलों को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को राहत दी थी। पत्र के अनुसार, इससे यह चिंता और मजबूत होती है कि इसी विवाद से जु? मामलों में अपनाया गया पिछला दृष्टिकोण पहले ही कानूनी रूप से कमजोर पाया जा चुका है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्पष्ट किया कि ट्रांसफर का अनुरोध जज के खिलाफ किसी व्यक्तिगत आरोप पर आधारित नहीं है। यह इस कानूनी सिद्धांत पर आधारित है कि अदालतों को यह भी विचार करना चाहिए कि क्या परिस्थितियां किसी निष्पक्ष वादी को पक्षपात की संभावना महसूस करा सकती हैं। पत्र में अरविंद केजरीवाल बनाम सीबीआई मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों का भी जिक्र किया गया है। वहां कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि सीबीआई को 22 महीने तक उन्हें गिरफ्तार करना जरूरी नहीं लगा था। जब ईडी मामले में उन्हें रिहा किया जाने वाला था, तब अचानक उन्हें गिरफ्तार करने की जल्दबाजी काफी संदिग्ध लगती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई को न केवल निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। कानून के शासन वाले लोकतंत्र में जनता की धारणा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आवेदकों ने कहा कि ट्रांसफर के अनुरोध का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मामले की सुनवाई तटस्थता के साथ हो। न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखना भी इसका उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य-सूची के प्रमुख के रूप में मुख्य न्यायाधीश के पास मामलों को आवंटित करने और उन्हें उचित बेंचों को सौंपने का अधिकार है। अपनी प्रार्थना में अरविंद केजरीवाल ने न्याय के हित में सीबीआई बनाम कुलदीप सिंह और अन्य रिवीजन याचिका को ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। उन्होंने न्याय प्रक्रिया की निष्पक्षता में विश्वास बनाए रखने के लिए मामले को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से किसी अन्य उचित बेंच में ट्रांसफर करने की मांग की है।

# खराब रिश्ते, आर्थिक तंगी और अकेलापन, दो बेटियों का कत्ल कर महिला ने खुद भी उठाया ये कदम

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में अपनी 34 और 28 साल की बेटियों की हत्या कर खुदकुशी का प्रयास करने वाली महिला (54) ने पति के साथ वर्ष से चल रहे खराब रिश्ते, पैसे की तंगी और अकेलेपन के चलते ये खौफनाक कदम उठाया था। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों से पूछताछ के बाद शुक्रवार को पता चला कि दशकों से चले आ रहे पारिवारिक झगड़े की वजह से महिला पिछले सात-आठ वर्षों से अपने पति से बात नहीं कर रही थी। ये महिला, 61 साल का पति, दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई कर रही 28 साल की बेटी और 34 साल की मानसिक रूप से बीमार बेटी ग्राउंड फ्लोर पर रहती है, जबकि पति की मां पहली मंजिल पर, उसका भाई अपने परिवार के साथ तीसरी मंजिल पर और बहन अपने बेटे के साथ चौथी मंजिल पर रहती थी। पति के पिता की महामारी के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बृहस्पतिवार को शाम करीब 6 बजे, पुलिस को मालवीय नगर के एफ-ब्लॉक में रहने वाले एक 61 साल के आदमी का कॉल आया, जिसमें उसने बताया कि उसकी पत्नी और बेटियां दरवाजा नहीं खोल रही थी। पुलिस को शुरूआती जांच में व जो मौके पर मिला है उससे पता लगा है कि महिला ने फिनाइल और कपूर का मिक्सचर पीया था। मां की कलाई भी कटी हुई थी। यह भी शक है कि पहले बड़ी बेटी को मारा गया और फिर महिला और छोटी बेटी ने खुद को कमरे में बंद करके जान दे दी।

### NAME CHANGE
I, Varun Chowdhary S/o Ravinder Kumar Chowdhary R/o 9-A, LIG DDA Flats, Motia Khan, Pahar Ganj, Swami Ram Tirth Nagar, Delhi-110055 have changed my name to Varun Choudhary.

### NAME CHANGE
I,MOHAMMAD NIHAL S/O MUKHTAR AHMAD R/o F-3, Second Floor, Gali No.11, Near Parvana Road, Jagat Puri, Delhi-110051, have changed my name to MOHD NIHAL Permanently

### NAME CHANGE
I, NITU MENGI W/o Lakshya Handa R/o 175, Gangotri Appartment, F-Block, Vikas Puri, Delhi-110018, have changed my name to NEETU MENGI Permanently.

### NAME CHANGE
I, MANPREET KAUR D/o Surbir Singh R/o 11, Gali No 3, Kot Mangal Singh, Taran Taran Road , Amritsar, Punjab -143001, have changed my name to MANPRIET KAAUR for all future purpose

### NAME CHANGE
I MOHAMMAD BILAL S/O SHAHANSHAH R/O F - 489 GALI NO- 17 CHAND BAGH DELHI-110094 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD BILAL

### NAME CHANGE
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि यह प्रोजेक्ट अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिर से ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 'अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग' टेक्सास के ब्राउन्सविल में अमेरिका की पहली नई तेल रिफाइनरी खुल रही है, जो 50 सालों में पहली है। यह 300 अरब डॉलर का ऐतिहासिक समझौता है और अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा सौदा है। इससे अमेरिकी कामगारों, ऊर्जा क्षेत्र और दक्षिण टेक्सास के लोगों को बड़ा फायदा होगा। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। यह संघर्ष अब ईरान से आगे बढ़कर अन्य क्षेत्रों तक फैल गया है। ईरान ने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, दूतावासों और खाड़ी देशों में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, कुवैत और बहरीन जैसे देश शामिल हैं। इस संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास।

# शेयर बाजार में गिरावट का दौर फिर भी अडानी के शेयर भर रहे उड़ान

**अडानी टोटल गैस के शेयर में सबसे ज्यादा 17फीसदी का उछाल आया**

**नई दिल्ली।**

शेयर मार्केट में इस समय गिरावट चल रही है। सेंसेक्स 1000 से ज्यादा अंकों का गोता लगा चुका है और निफ्टी 24000 के नीचे है। इसके बावजूद अडानी ग्रुप का एक शेयर उछाल मार रहा है। दरअसल ईरान-इजराइल युद्ध के बीच गैस सप्लाई में आई रुकावट के कारण भारतीय शेयर मार्केट में गैस से जुड़े कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। अडानी टोटल गैस के शेयर में सबसे ज्यादा करीब 17फीसदी का उछाल आया और यह 560.30 रुपए के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

गुजरात गैस के शेयर में भी करीब 12फीसदी की तेजी रही और यह 420 रुपए के स्तर पर कारोबार किया। पेट्रोनेट एलएनजी, गेल इंडिया, इंद्रप्रस्थ गैस और महानगर गैस समेत अन्य गैस कंपनियों के शेयरों में भी 2फीसदी से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। ईरान और इजराइल-अमेरिका गठबंधन के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर भारत के एनर्जी मार्केट पर पड़ रहा है। होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले गैस शिपमेंट बाधित हो गए हैं, जिससे सप्लाई पर दबाव बना है। यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक है, लेकिन बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के कारण टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है। भारत अपनी घरेलू गैस जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर काफी हद तक निर्भर है। कई वैश्विक सप्लाईकर्ताओं ने इस बाधा के कारण गैस शिपमेंट पर फोर्स मेजर जारी कर दिया है।भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को 1फीसदी से




ज्यादा की गिरावट दर्ज की। तेल की कीमतों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। हालांकि, ग्लोबल मार्केट में मजबूती देखी गई। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा कच्चे तेल के रिजर्व में बड़े पैमाने पर रिलीज के प्रस्ताव की खबर के बाद एमएससीआई एशिया पैसिफिक इंडेक्स में 1.8फीसदी की बढ़त रही। ब्रेंट क्रूड में बुधवार को करीब 1फीसदी की गिरावट आई, जबकि पिछले सत्र में इसमें 11फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुम्बई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ ही 92.07 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस ये 91.96 पर बंद हुआ था। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे बढ़कर 91.57 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी आने और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक सफलता से मिली राहत के कारण रुपया उच्च स्तर पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.60 पर खुला, फिर कुछ बढ़त हासिल करते हुए 91.57 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की बढ़त दिखाता है।वहीं मंगलवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे बढ़कर 91.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## ट्रंप के शुल्क आदेश के रद्द होने पर भारतीय चमड़ा कारोबार में फिर बढ़ी अनिश्चितता

**नई दिल्ली ।** करीब एक माह पहले कारोबार करार पर अमेरिका के साथ भारत के संयुक्त बयान से कोलकाता के चमड़ा उद्योग (लेदर हब) पर दबाव कुछ हद तक कम हुआ था। कारोबारी समझौते के तहत भारतीय उत्पादों के निर्यात पर अमेरिका में शुल्क 50 से कमकर 18 फीसदी करने की बात कही थी। शुल्क घटने से भारतीय चमड़ा उत्पाद दुनिया के बड़े उपभोक्ता बाजार में प्रतिस्पर्धी स्थिति में आए और नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद बढ़ी है। मगर अमेरिकी अदालत द्वारा ट्रंप प्रशासन के शुल्क आदेश को रद्द करने के बाद फिर से अनिश्चितता बढ़ी है। पूर्वी कोलकाता के बाहरी इलाके में मौजूद बांतला में क्रिसेंट एक्सपोर्ट सिंडिकेट के कारखाने में इसके संकेत भी दिखाई देने लगे है। उत्पादन लाइन अमेरिकी बाजार के लिए हैंडबैग बनाने में व्यस्त हैं, जिनकी आपूर्ति करीब दो माह में होने वाली है। कुछ तैयार माल पहले से ही कार्टन में पैक हैं और वे अमेरिका भेजने के लिए तैयार हैं। इस बीच पश्चिम एशिया के संकट ने एक नई अनिश्चितता खड़ी की है। पहले से ही मुश्किलों का सामना कर रहे चमड़ा निर्यातकों के लिए अब नई चुनौती आ गई है। क्रिसेंट के कारखाने में ह्यूगो बॉस के वैश्विक बाजारों के लिए हैंडबैग और वॉलेट बनाते हैं। क्रिसेंट एक्सपोर्ट सिंडिकेट से जुड़े अधिकारी ने कहा, अमेरिका जाने वाली खेप रोकी गई थी क्योंकि ऊंचे शुल्क ने यहां से निर्यात को अव्यावहारिक बनाया था। इसलिए कंपनी ने खेपों को यूरोप के गोदामों में भेज दिया, जहां से उन्हें अमेरिका भेजा जा सकता था।' उन्होंने कहा कि अब अमेरिका, कनाडा और अन्य बाजारों से नए ऑर्डर आ रहे हैं। कंपनी से जुड़े अधिकारी ने कहा, 'उत्पादन जारी है और करीब दो माह में तैयार होना चाहिए। इस बीच हें उम्मीद है कि शुल्क पर स्पष्टता होगी।' अदालत द्वारा शुल्क आदेश रद्द करने के बाद व्हाइट हाउस ने 10 फीसदी का अधिभार लगाया और बाद में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि शुल्क 15 फीसदी होगा। एक अन्य कंपनी के अधिकारी ने कहा, 'इसकी ज्यादा संभावना है कि शुल्क 15 फीसदी होने वाला है। शुल्क से पहले कंपनी का करीब 30 फीसदी कारोबार अमेरिका से आता था। शुल्क पर अंतिम निर्णय का इंतजार है और अमेरिकी खरीदारों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि हाल तक चीजें ठप थीं मगर अब लोग बात करने के लिए तैयार हैं।

## ओला इलेक्ट्रिक का 'चैंपियन महोत्सव............इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक पर 10 हजार की छूट

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है और इस खुशी में कई कंपनियां भी अपने ग्राहकों को शानदार ऑफर दे रही हैं। इसी क्रम में ओला इलेक्ट्रिक ने 'चैंपियन महोत्सव' नाम से एक सीमित अवधि का अभियान शुरु कर दिया है। इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहकों को कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक खरीदने पर आकर्षक लाभ मिल रहा है। कंपनी के अनुसार यह ऑफर केवल तीन दिनों के लिए उपलब्ध रहेगा। इस दौरान ग्राहक कंपनी के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मॉडल्स पर अधिकतम 10,000 रुपये तक का फायदा पा सकते हैं। यह ऑफर पूरे देश में लागू किया गया है और कंपनी की स्कूटर तथा बाइक दोनों रेंज पर उपलब्ध है। कंपनी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य क्रिकेट में मिली बड़ी जीत का जश्न ग्राहकों के साथ साझा करना और लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित करना है। विशेष ऑफर में कंपनी के कई लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। इसमें ओला एस1 प्रो, ओला एस1प्लस, ओला एस1एक्स, ओला एस1एक्स प्लस और ओला रोड स्टार जैसे मॉडल शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी की जेन3 एस1 स्कूटर रेंज और रोडस्टर इलेक्ट्रिक बाइक सीरीज पर ऑफर लागू किया है। इन मॉडलों को उनके आधुनिक डिजाइन, तकनीक और बेहतर रेंज के कारण ग्राहकों के बीच अच्छी लोकप्रियता मिली है।कंपनी के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की शुरुआती कीमत करीब 77,999 से शुरू होकर करीब 1.14 लाख तक जाती है। ग्राहकों को इनमें अलग-अलग बैटरी विकल्प भी दिए जाते हैं, जिसमें 2 किलोवॉट प्रतिघंटा , 3 किलोवॉटप्रति घंटा, 4 किलोवॉट प्रतिघंटा और 5.2किलोवॉटप्रतिघंटा क्षमता वाले विकल्प शामिल हैं। इससे ग्राहक अपनी जरूरत और बजट के अनुसार मॉडल चुन सकते हैं।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 1313, निफ्टी 394 अंक गिरा**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों में छाये संशय के कारण आई हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के साथ ही निवेशको के बाजार से दूर होने से भी बिकवाली हावी हुई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1313 अंकों की गिरावट के साथ ही अंत में सेंसेक्स 1342.2776,863.71 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी करीब 394.75 अंक फिसलकर 23,866.85 के स्तर पर बंद हुआ। इससे निवेशकों के करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए डूब गये। आज कारोबार के दौरान ही सेंसेक्स में महिन्द्र एंड महिन्द्रा , बजाज फाइनेंस , भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 2 से 4 फीसदी तक की गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर अडानी पोर्ट और एनटीपीसी व सन फार्मा के शेयरों में हल्की बढ़त दर्त की गयी। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ऑटो इंडेक्स सबसे ज्यादा करीब 2 फीसदी टूटा। निफ्टी प्राइवेट बैंक इंडेक्स में भी करीब 1.8 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावस फार्मा सेक्टर में हल्की तेजी रही।बाजार जानकारों के अनुसार मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण निवेशक बाजार से दूरी बना रहे हैं जिससे बिकवाली हावी है।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बाजार गिरावट के साथ खुले। सुबह सेंसेक्स 78,238 अंक पर खुला। सुबह ये 177.85 अंक फिसलकर 78,028.13 पर था। वहीं इसी तरह निफ्टी भी सुबह 52.20 अंक की गिरावट के साथ 24,209 पर कामकाज करता दिखा। वहीं कच्चे तेल की कीमतें




कम होने से दुनिया भर के बाजार ऊपर आये हैं जिसका लाभ भी भारतीय बाजार को मिला। तेल की कीमतें कम होने से महंगाई बढ़ने और आर्थिक विकास प्रभावित होने की संभावनाएं भी कम हुई हैं।

दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 3.24 फीसदी और जापान का निक्केई 225 1.98 फीसदी की बढ़त के साथ कामकाज कर रहे थे। एशियाई सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार में बढ़त रही। एस एंड पी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल औसत 0.45 फीसदी और 0.42 फीसदी बढ़त पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। एस एंड पी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल औसत के फ्यूचर्स 0.45 फीसदी और 0.42 फीसदी बढ़े। वहीं, इससे पहले रात में अमेरिका के ज्यादातर शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। दिन के अंत में एस एंड पी 500 0.21 फीसदी और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल औसत 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं ब्रेंट कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल से नीचे कारोबार कर रहा था।

## एयर इंडिया घरेलू और कुछ अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर ईंधन अधिभार लगाएगा

**यह शुल्क 12 मार्च से लागू होगा, समय-समय पर अधिभार की समीक्षा भी होगी**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ताजा संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से एयर इंडिया ने मंगलवार को अपने घरेलू और कुछ अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर ईंधन अधिभार लागू करने का ऐलान कर दिया है। यह शुल्क चरणबद्ध तरीके से 12 मार्च से शुरू होगा। एयरलाइन ने बताया कि एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में इस समय तेज बढ़ोतरी हुई है, जो एयरलाइन संचालन की लागत का करीब 40 फीसदी हिस्सा है।मीडिया रिपोर्ट में एयर इंडिया के मुताबिक मार्च की शुरुआत से एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी में आपूर्ति में व्यवधान प्रमुख कारण है। इसके अलावा दिल्ली और मुंबई जैसे प्रमुख महानगरों में एटीएफ पर उच्च उत्पाद शुल्क और वैट लागू होने के कारण कुल ऑपरेटिंग लागत में और वृद्धि हो रही है। एयरलाइन ने बताया कि पहले चरण में, 12 मार्च से की जाने वाली नई बुकिंगों पर शुल्क लागू होगा। इसके तहत घरेलू उड़ानों और दक्षिण एशियाई देशों जैसे नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश की उड़ानों पर 399 रुपए का ईंधन अधिभार लगेगा। ये मार्ग पहले किसी भी ईंधन शुल्क के दायरे में नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व की उड़ानों पर अब 10 डॉलर का नया ईंधन शुल्क लागू होगा। इन मार्गों पर पहले कोई अधिभार नहीं लगता था। दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए यह शुल्क 40 डॉलर से बढ़ाकर 60 डॉलर किया जाएगा, जबकि अफ्रीका की उड़ानों पर 60 डॉलर से बढ़ाकर 90 डॉलर का अधिभार लगेगा। एयरलाइन ने कहा कि दूसरे चरण में जो 18 मार्च से शुरू होगा, लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार बढ़ाया जाएगा। यूरोप के लिए शुल्क 100 डॉलर से बढ़ाकर 125 डॉलर किया जाएगा। वहीं, उत्तर अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की उड़ानों के लिए 150 से बढ़ाकर 200 डॉलर का ईंधन अधिभार लागू होगा। एयरलाइन ने बताया कि हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे फार ईस्ट मार्केट्स को कवर करने वाली तीसरी चरण की जानकारी बाद में दी जाएगी।एयर इंडिया ने साफ किया है कि जो टिकट संबंधित तारीखों से पहले जारी किए गए हैं, उन पर संशोधित अधिभार लागू नहीं होगा। हालांकि यदि यात्री अपनी यात्रा की तारीख या यात्रा योजना में बदलाव करते हैं और इसके कारण किराया पुनर्गणना होती है, तो नए अधिभार लागू होंगे।

# ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयरों में तेजी, केडिया ने लगा रखा है बड़ा दांव

**कंपनी के शेयर बीएसई में 9 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ 90.27 रुपए पर पहुंचे**

**नई दिल्ली।**

ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयरों में बुधवार को तेजी रही। ओम इंफ्रा के शेयर बुधवार को बीएसई में 9 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ 90.27 रुपए पर पहुंचे। घरेलू शेयर बाजार में भूचाल के बीच ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयरों में यह तेजी देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को इंट्राडे के दौरान 1000 अंक से ज्यादा टूटा। दिग्गज निवेशक विजय केडिया का ओम इंफ्रा लिमिटेड पर बड़ा दांव है। पिछले पांच साल में ओम इंफ्रा के शेयरों में 260 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है।

विजय केडिया ने ओम इंफ्रा लिमिटेड पर बड़ा दांव लगा रखा है। केडिया के पास ओम इंफ्रा लिमिटेड के 2400000 शेयर हैं। सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी में केडिया की हिस्सेदारी 2.49 फीसदी है। केडिया ने क्वांट म्यूचुअल फंड का भी ओम इंफ्रा लिमिटेड पर दांव है। क्वांट म्यूचुअल फंड के पास ओम इंफ्रा लिमिटेड के 39,12,619 शेयर हैं। ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 260 फीसदी से ज्यादा उछल गए हैं। सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर 12 मार्च 2021 को 24.65 रुपए पर थे। ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर 11 मार्च 2026 को 90.27 रुपये पर जा पहुंचे हैं।



पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 125 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। तीन साल में ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर 145 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 146.50 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 71.72 रुपए है। ओम इंफ्रा लिमिटेड का मार्केट कैप बुधवार को 851 करोड़ रुपए के पार हो गया।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई है। घरेलू बाजार में सोना 1,62,850 रुपये , जबकि चांदी 2,76,350 रुपये के करीब है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में भी कमी आई है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध 1,54 रुपये की फिसलकर 1,63,149 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,63,303 रुपये पर रहा था। ये 1,63,849 रुपये के उच्च और 1,62,840 रुपये के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 1,80,779 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध आज 862 रुपये टूटकर 2,76,988 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,77,850 रुपये रहा था। एक समय यह अनुबंध 1,504 रुपये नीचे आकर 2,76,346 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 2,76,999 रुपये के उच्च और 2,75,930 रुपये के निचले स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदा भाव इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में कमी आई। कॉमेक्स पर सोना 5,194 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 5,242.10 डॉलर प्रति औंस था।

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार



ललित गर्ग

यदि विश्व समुदाय मिलकर युद्ध के स्थान पर संवाद और सहयोग को अपनाए तो न केवल वैश्विक स्थिरता कायम होगी बल्कि मानवता विकास और समृद्धि के नए मानक भी स्थापित कर सकेगी। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आशा भी। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और शक्ति-प्रतिस्पर्धा के तनाव से जूझ रहा है, तब दुनिया की निगाहें स्वाभाविक रूप से भारत की ओर उठती हैं। भारत वह धरती है जहाँ शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा केवल राजनीतिक नीतियाँ नहीं बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में विकसित हुए हैं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया ह्यमत्स्य-न्यायह्न यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है।




विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निमार्ता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है।

आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां ह्लजिसकी लाठी उसकी भैंसह्व ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा।

भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है।

इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है। अब समय आ गया है कि इस पहल को और व्यापक बनाया जाए। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक स्तर पर युद्धविराम, संवाद और कूटनीतिक समाधान के लिए पहल करे। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की त्रासदी-इन सबके समाधान के लिए संवाद की नई पहल आवश्यक है। भारत यदि मध्यस्थता और शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाए तो वह विश्व राजनीति में एक संतुलनकारी शक्ति बन सकता है। इसके साथ ही परमाणु हथियारों और शस्त्रों की होड़ पर भी गंभीर चिंतन आवश्यक है। आज दुनिया में जिस गति से आधुनिक हथियारों का भंडार बढ़ रहा है, वह मानवता के लिए गंभीर खतरा है। किसी भी क्षण किसी राष्ट्र की नासमझी या राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी दुनिया को विनाश के कगार पर ला सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण और हथियार नियंत्रण की दिशा में नए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की आवश्यकता है।

यदि विश्व समुदाय मिलकर युद्ध के स्थान पर संवाद और सहयोग को अपनाए तो न केवल वैश्विक स्थिरता कायम होगी बल्कि मानवता विकास और समृद्धि के नए मानक भी स्थापित कर सकेगी। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आशा भी। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और शक्ति-प्रतिस्पर्धा के तनाव से जूझ रहा है, तब दुनिया की निगाहें स्वाभाविक रूप से भारत की ओर उठती हैं। भारत वह धरती है जहाँ शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा केवल राजनीतिक नीतियाँ नहीं बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में विकसित हुए हैं। इसी भूमि से ह्लवसुधैव कुटुम्बकम् का वह महान मंत्र निकला जिसने संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी भारतीय परंपरा को आधुनिक युग में अहिंसा की शक्तिशाली राजनीतिक और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया और दुनिया को बताया कि संघर्षों का समाधान हिंसा से नहीं बल्कि सत्य, करुणा और संवाद से संभव है। भारत की आध्यात्मिक विरासत-जिसमें महावीर और गौतम बुद्ध जैसे महापुरुषों की शिक्षाएँ समाहित हैं, मानवता को यह संदेश देती है कि शांति ही स्थायी विकास और वैश्विक संतुलन का आधार है। आज की अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की यही अहिंसात्मक दृष्टि, उसकी आध्यात्मिक शक्ति और सर्वहित की भावना विश्व को एक नई दिशा दे सकती है तथा मानवता को संघर्ष की अंधी दौड़ से निकालकर सहयोग, सद्भाव और स्थायी शांति के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है।

## संपादकीय

### ऊर्जा संकट में फंसा देश

तूफान आने पर रेत में सिर घुसाने की शुतुरमुर्गी प्रवृत्ति कितनी घातक होती है, यह बात अब शायद मोदी सरकार को समझ आ रही होगी। पिछले 12 सालों से देश को सब चंगा सी मोड में डाल कर रखा गया है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए नित नए शिगूफे छेड़ दिए जाते हैं। लेकिन न वादों से पेट भरता है, न शिगूफों से असली समस्याओं का वास्तविक हल निकलता है। इसके लिए काम करने की जरूरत पड़ती है, जो मोदी सरकार ने किया नहीं। बल्कि जो बने-बनाए काम थे, उन्हें और बिगाड़ दिया। जिसका खामियाजा अब जनता भुगत रही है। यही कारण है कि 11 दिन पहले ईरान पर किया गया हमला अब भारत की आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ईरान पर हमले और पूरे पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव के कारण ईंधन आपूर्ति में बाधा आने लगी है, जिससे भारत में एलपीजी संकट गहरा गया है। हालांकि देश को कई बड़े पत्रकार और मीडिया घराने ये बता रहे हैं कि पाकिस्तान में ऊर्जा का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है कि वहां स्कूलों, कार्यालयों में उपस्थिति 50 प्रतिशत तक घटा दी गई है, और महंगाई बढ़ने का खतरा है। लेकिन पाकिस्तान के बिगड़े हालात दिखाकर हम अपनी मुश्किल आसान नहीं कर सकते। इसलिए जो सच है, उसका सामना करना ही होगा। गनीमत है कि सरकार ने इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। सरकार ने देश में घरेलू कुकिंग गैस की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लागू कर दिया है। सरकारी आदेश के मुताबिक कुछ क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। इनमें घरेलू पीएनजी सप्लाई, ट्रांसपोर्ट के लिए सीएनजी, एलपीजी, पाइपलाइन कंप्रेसर फ्यूल और आवश्यक पाइपलाइन ऑपरेशनल जरूरतें शामिल हैं। केंद्र सरकार ने गैस बुकिंग का समय 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। दरअसल इससे पहले देश के कई शहरों में सिलेंडर के महंगे होने और कालाबाजारी की खबरें आने लगीं। सरकार ने तो अपनी तरफ से 60 रूपए घरेलू गैस में 115 रूपए कमर्शियल सिलेंडर में बढ़ाए हैं।

## चिंतन-मनन

### इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है।

सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है।

त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है।

द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्रियों को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्ध की आग मंस झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है।

# जंग के चलते तेल-गैस आपूर्ति संकट पर घिरती सरकार



डॉ हिदायत अहमद खान




ईरान पर इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद पैदा हुए जंग के हालात ने पूरी दुनियां को अपने आतिशि आगोश में लेना शुरू कर दिया है। सैन्य संघर्ष का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते टकराव ने तेल और गैस की आपूर्ति को लेकर दुनिया भर में चिंता पैदा कर दी है। इस संकट का सबसे बड़ा कारण उस समुद्री मार्ग पर बढ़ता जोखिम है, जिसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है। स्ट्रैट ऑफ हॉर्मोज वही मार्ग है जिससे एशिया के कई देशों, जिनमें भारत, चीन और जापान प्रमुख हैं, को बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस पहुंचती है। इस मार्ग के बंद होने की खबरों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी हलचल पैदा कर दी है। नौ मार्च की शाम को तेल और गैस के वैश्विक बाजारों में अचानक उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि युद्ध का असर अब केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ गया है। भारत में इस स्थिति को लेकर चिंता के स्वर उठने लगे हैं। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है, कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति में किसी तरह की कमी नहीं है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उनका कहना है कि भारत ने ऊर्जा आयात के कई वैकल्पिक स्रोत और रास्ते तैयार कर रखे हैं, जिससे आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में मदद मिल रही है। सरकार का दावा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को सीएनजी और पीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जबकि उद्योगों को भी 70 से 80 प्रतिशत तक गैस उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ गैस संकट के मद्देनजर सरकार ने एस्मा की भी घोषणा कर दी है। बावजूद इसके जमीनी स्तर पर तेल व गैस संकट साफ नजर आने लगा है। विभिन्न राज्यों के शहरों से आने वाली खबरें और सरकार के दावे पूरी तरह मेल नहीं खाती हैं। देश के कई शहरों में रेस्टोरेंट उद्योग ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में बाधा आने की शिकायतें हैं। कुछ स्थानों पर सिलेंडर की उपलब्धता कम होने और बुकिंग नियमों में बदलाव की खबरें भी आम हैं। यही कारण है कि विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बना रहा है। मामला इसलिए भी राजनीतिक रूप से संवेदनशील हो गया है क्योंकि संसद का बजट सत्र जारी है। ऐसे में विपक्ष इस संकट को राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बनाना चाहता है और सरकार से स्पष्ट जवाब मांग रहा है। विपक्ष का कहना है कि ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सरकार को संसद में विस्तृत चर्चा करनी चाहिए और देश को यह बताना चाहिए कि संकट से निपटने के लिए क्या ठोस रणनीति तैयार की गई है।

मौजूदा स्थिति की गंभीरता का अंदाजा भारत के पड़ोसी देशों की हालत से भी लगाया जा सकता है। पाकिस्तान सरकार ने ईंधन की कमी के चलते स्कूल-कॉलेज तक बंद कर दिए हैं, जबकि बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर सीमाएं तय कर दी गई हैं। इन परिस्थितियों के बीच भारत ने बांग्लादेश को तेल आपूर्ति करने का आश्वासन दिया है। केंद्र सरकार का यह कदम एक ओर भारत की क्षेत्रीय भूमिका और क्षमता का संकेत देता है, लेकिन दूसरी ओर यह सवाल भी उठाता है कि यदि वैश्विक संकट और गहरा हुआ तो क्या भारत अपनी घरेलू मांग को पूरी तरह सुरक्षित रख पाएगा। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। इसलिए मध्य पूर्व में पैदा हुआ कोई भी संकट सीधे तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। यदि तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें तेजी से बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है, तो इसका असर परिवहन, उद्योग, महंगाई और आम उपभोक्ता के बजट पर पड़ना तय है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार यह सवाल उठा रहे हैं कि भारत के पास तेल और गैस का रणनीतिक भंडार कितने दिनों के लिए पर्याप्त है। क्या सरकार के पास ऐसी ठोस योजना है जिससे लंबे समय तक आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी कीमतों को नियंत्रित रखा जा सके?

इस संदर्भ में कई लोग पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल की भी चर्चा कर रहे हैं। उनके शासनकाल में वैश्विक आर्थिक मंदी आई थी, लेकिन आर्थिक प्रबंधन और नीतिगत संतुलन के कारण भारत पर उसका प्रभाव न के बतौर भी नजर नहीं आया था। यही कारण है कि आज भी उस दौर को आर्थिक स्थिरता के उदाहरण के रूप में याद किया जाता है। वर्तमान संकट भी कुछ वैसी ही दूरदर्शिता और संवाद की मांग करता है। ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक विषय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आम जनता की जीवनशैली से जुड़ा मुद्दा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विपक्ष को भी भरोसे में लेकर एक पारदर्शी रणनीति प्रस्तुत करे। मध्य पूर्व की जंग कब तक चलेगी, इसका अनुमान लगाना कठिन है। लेकिन यह स्पष्ट है कि यदि संकट लंबा खिंचता है तो उसके प्रभाव से भारत भी अछूता नहीं रह पाएगा। इसलिए समय की मांग यही है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर ऊर्जा सुरक्षा पर राष्ट्रीय सहमति बनाई जाए। यदि वास्तविक चुनौतियों को नजरअंदाज कर केवल आश्वासन दिए जाते रहे, तो हालात बिगड़ने में देर नहीं लगेगी। संकट के समय नेतृत्व की सबसे बड़ी कसौटी यही होती है कि वह सच्चाई स्वीकार करे, दूरदर्शी नीति बनाए और देश को भरोसे के साथ आगे बढ़ाए।

# लापता होते बचपन की भयावह तस्वीर और समाज प्रशासन की जिम्मेदारी



कांतिलाल मांडोत

भारत में बच्चों के लापता होने की बढ़ती घटनाएं आज पूरे समाज के सामने एक गंभीर और चिंताजनक चुनौती के रूप में खड़ी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच देश में कुल 33577 बच्चे लापता हुए। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं है बल्कि हजारों परिवारों के दर्द चिंता और अनिश्चितता की कहानी है। इन बच्चों में से 7777 बच्चों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। यह स्थिति बताती है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए हमारी व्यवस्था और सामाजिक जागरूकता दोनों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

इस रिपोर्ट में सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति पश्चिम बंगाल की है जहां 19145 बच्चे लापता हुए। इनमें से 15465 बच्चों को ढूंढ लिया गया लेकिन 3680 बच्चे अभी भी लापता हैं। दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है जहां 4256 बच्चे गायब हुए और 1059 बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया। हरियाणा के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं जहां 2209 बच्चे लापता हुए और 353 बच्चों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा केवल किसी एक राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश की सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है।

कुछ राज्यों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर दिखाई देती है। नागालैंड अरुणाचल प्रदेश मणिपुर त्रिपुरा गुजरात लक्षद्वीप और दादरा एवं नगर हवेली जैसे क्षेत्रों में बच्चों के लापता होने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। यह तथ्य इस बात की ओर संकेत करता है कि जहां समाज सतर्क है और प्रशासन सक्रिय है वहां ऐसी घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। हालांकि कई राज्यों में बरामद बच्चों की संख्या अधिक होने का कारण यह भी है कि वहां दूसरे राज्यों के बच्चे भी पाए गए।

लापता बच्चों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। कई बच्चे पारिवारिक विवाद या गुस्से में घर छोड़ देते हैं। कुछ बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं। वहीं कई मामलों में मानव तस्करी और बच्चों को अगवा करने वाले गिरोह भी सक्रिय रहते हैं। यही कारण है कि ऐसे मामलों को केवल एक सामान्य घटना समझकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कई बार बच्चों को मजदूरी अपराध या अन्य अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है जिससे उनका पूरा भविष्य अंधकार में चला जाता है। समाचारों में सामने आए कुछ उदाहरण इस दर्दनाक सच्चाई को और गहरा कर देते हैं। हरियाणा के अंबाला की 14 वर्षीय लड़की 8 जनवरी को अपनी सहेली के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। बस स्टैंड की सीसीटीवी फुटेज में उसे जाते हुए देखा गया लेकिन उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी तरह अंबाला कैंट की एक लड़की परिवार से नाराज होकर घर से निकली और अभी तक वापस नहीं लौटी। परिवार अपनी बेटी के लौटने का इंतजार कर रहा है और पिता शहर में पर्चे बांटकर लोगों से जानकारी देने की अपील कर रहे हैं। ऐसे मामलों में परिवार की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल होता है।

हाल ही में मध्य प्रदेश के झाबुआ में भी एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई जहां साढ़े तीन साल की एक मासूम बच्ची बाजार से अचानक लापता हो गई। सीसीटीवी फुटेज में वह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति और एक महिला के साथ दिखाई दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन यह घटना बताती है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए कितनी सतर्कता आवश्यक है।

आजकल सोशल मीडिया और इंटरनेट पर ऐसे कई वीडियो सामने आ रहे हैं जिनमें बच्चों को अगवा करने वाले गिरोहों की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती है। हालांकि हर वीडियो सही नहीं होता लेकिन कई मामलों में यह सच भी साबित हुआ है कि बच्चों को चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ऐसे गिरोह बच्चों को निशाना बनाकर उन्हें अगवा कर लेते हैं और फिर उन्हें दूसरे राज्यों में ले जाकर बेचने या अवैध कामों में इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। यह केवल कानून का नहीं बल्कि मानवता का भी बड़ा अपराध है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन को और अधिक सख्ती से काम करना होगा। लापता बच्चों के मामलों में तुरंत कार्रवाई होना जरूरी है। हर जिले में विशेष टीम बनाई जानी चाहिए जो ऐसे मामलों की जांच करे। सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क मजबूत किया जाए और बस स्टैंड रेलवे स्टेशन बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही पुलिस को बच्चों को चुराने वाले गिरोहों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाना चाहिए। जब तक पुलिस ऐसे गिरोहों को पकड़कर जेल में नहीं डालेगी तब तक यह सिलसिला पूरी तरह खत्म नहीं होगा। अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि समाज में एक मजबूत संदेश जाए कि बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही पुलिस को दूसरे राज्यों के साथ समन्वय बनाकर भी काम करना चाहिए क्योंकि कई मामलों में बच्चों को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है।

सिर्फ प्रशासन ही नहीं बल्कि समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है। माता पिता को अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें अजनबियों से सावधान रहने की शिक्षा देनी चाहिए। स्कूलों में भी बच्चों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना देना चाहिए। समाज की जागरूकता कई अपराधों को होने से पहले ही रोक सकती है।

बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उनका सुरक्षित बचपन ही एक मजबूत समाज की नींव रखता है। यदि बच्चे ही असुरक्षित महसूस करेंगे तो यह पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। इसलिए जरूरी है कि सरकार प्रशासन और समाज मिलकर इस समस्या से लड़ें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा असुरक्षित न रहे। आज जरूरत इस बात की है कि लापता बच्चों के हर मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए और उसे केवल एक आंकड़ा बनकर न रहने दिया जाए। जब तक हर बच्चे को सुरक्षित घर और सुरक्षित भविष्य नहीं मिलेगा तब तक समाज की प्रगति अधूरी रहेगी। बच्चों की सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज का नैतिक कर्तव्य है। जब प्रशासन की सख्ती और समाज की जागरूकता साथ आएगी तभी लापता होते बचपन की यह दर्दनाक कहानी रुक सकेगी और हर बच्चे को सुरक्षित जीवन मिल सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने पाकिस्तान में जारी किया सुरक्षा अलर्ट, धार्मिक जुलूसों में हिंसा भड़कने का खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान में स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने सभी कर्मियों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में धार्मिक जुलूसों के दौरान हिंसा भड़क सकती है। इसके चलते मंगलवार दोपहर से सभी अमेरिकी कर्मियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी दूतावास लाहौर, कराची और पेशावर समेत सभी महावाणिज्य दूतावासों पर नजर रखे हुए है। धार्मिक जुलूसों के दौरान यातायात जाम और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अमेरिकी लोगों को पाकिस्तान में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### सोशल मीडिया पर ईरानी हमलों का मना रहे थे जश्न, बहरीन में पांच पाकिस्तानी और एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**बहरीन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच बहरीन की सुरक्षा एजेंसियों ने सोशल मीडिया पर ईरान समर्थक पोस्ट और वीडियो साझा करने के आरोप में छह विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियों में एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद इसराफिल मीर और पांच पाकिस्तानी नागरिक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया और बहरीन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई आंतरिक मंत्रालय और देश की जनरल डायरेक्टरेट ऑफ एंटी-करप्शन एंड इकोनॉमिक एंड इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी की जांच के बाद की गई। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ईरान के समर्थन में 'भ्रामक' वीडियो और पोस्ट साझा कर रहे थे। उन्होंने कथित तौर पर कुछ स्थानों पर हमलों की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड की और ऑनलाइन फैलाया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता था और आम जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास हुआ। छह एशियाई नागरिकों की पहचान इस गतिविधि में की गई। मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उनके मामलों को पब्लिक प्रॉसिक्यूशन को भेजा गया है। ईरान से संबंधित संघर्ष के पड़ोसी देशों तक फैलने के बाद, बहरीन की एजेंसियों ने ऑनलाइन उत्तेजक या भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने देशवासियों और विदेशी निवासियों को चेतावनी दी है कि वे बिना अनुमति के वीडियो, तस्वीरें या जानकारी साझा न करें, खासकर जो राष्ट्रीय सुरक्षा या वर्तमान संघर्ष से संबंधित हों।

### नेपाल में सियासी तस्वीर बदली, आरएसपी को दो-तिहाई बहुमत; अगले हफ्ते बालेंद्र सरकार गठन की प्रक्रिया

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में हाल ही में हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव के नतीजों ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। अब अगले सप्ताह के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। आरएसपी ने काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है, जिससे नेपाल की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्यक्ष चुनाव की 165 में से 164 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर स्पष्ट बढ़त हासिल की है। समानुपातिक प्रणाली के तहत मिलने वाली सीटों के बाद पार्टी की कुल संख्या 183 तक पहुंच जाएगी। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में यह संख्या दो-तिहाई बहुमत के बराबर है। इसके बाद अब संविधान के तहत नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई के अनुसार आरएसपी को मिले वोटों के आधार पर समानुपातिक प्रणाली से 58 सीटें मिलेंगी। इस तरह प्रतिनिधि सभा में उसके सांसदों की कुल संख्या 183 हो जाएगी। 275 सदस्यीय सदन में यह लगभग 66 प्रतिशत बहुमत है। इससे पार्टी को सरकार बनाने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लेने में भी मजबूती मिलेगी। चुनाव में अन्य प्रमुख दलों का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। नेपाली कांग्रेस को प्रत्यक्ष चुनाव से 18 सीटें मिली हैं और समानुपातिक प्रणाली से 19 सीटें मिलने की उम्मीद है। इस तरह उसके कुल सांसद 37 होंगे। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी नेकपा एमाले को प्रत्यक्ष चुनाव से 8 सीटें मिली हैं और समानुपातिक प्रणाली से 16 सीटें मिलने की संभावना है। इससे उसके कुल सांसद 24 हो जाएंगे। वहीं प्रचंड की पार्टी को कुल 17 सीटें मिलने का अनुमान है। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य अगले सप्ताह तक अंतिम चुनावी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सौंपने का है। संविधान के अनुसार रिपोर्ट मिलने के बाद नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा अंतिम परिणाम घोषित होने के एक महीने के भीतर संसद का सत्र बुलाना अनिवार्य है। नई सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री को एक महीने के भीतर सदन में विश्वास मत हासिल करना होगा।

## यह युद्ध की तैयारी है...बहन बोली- कल्पना से परे होंगे नतीजे

# अमेरिका की हरकतों से भड़के किम जोंग

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन अमेरिका की ताजा हरकतों से भड़के हुए हैं। उन्होंने पहले भी कई मौकों पर अमेरिका और अपने पड़ोसी दक्षिण कोरिया को चेतावनी दी है। ताजा मामला भी युद्ध अभ्यास से जुड़ा है जिसे किम जोंग उकसावे वाला कृत्य मान रहे हैं। किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन किम यो जोंग ने इस सप्ताह शुरू हुए अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। किम यो जोंग ने इसे उकसाने वाला और आक्रामक युद्ध का पूर्वाभ्यास करार दिया है, जो क्षेत्रीय स्थिरता को भारी नुकसान पहुंचाएगा। इससे पहले नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने मिडिल ईस्ट (ईरान) में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की तीखी आलोचना की थी।

उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को किम यो जोंग ने अपने बयान में कहा कि 'फ्रीडम शील्ड' नामक यह वार्षिक सैन्य अभ्यास उत्तर कोरिया के प्रति इन सहयोगी देशों की आदतन शत्रुतापूर्ण नीति को उजागर करता है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में 18,000 से अधिक दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैनिक शामिल हैं और यह उत्तर कोरिया के क्षेत्रीय भूभाग, समुद्र, हवा, बाहरी अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में दिन-रात चलाया जा रहा है।

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सैन्य शक्ति का यह प्रदर्शन ऐसे भयानक परिणामों को जन्म दे सकता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि हालिया वैश्विक संकटों से यह स्पष्ट हो गया है कि शत्रु ताकतों के सैन्य युद्धाभ्यास में अब केवल 'अभ्यास' और 'वास्तविक युद्ध' या 'रक्षा' और 'हमले' के बीच कोई अंतर नहीं रह गया है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर 'युद्ध की तैयारी' बताया।



### अमेरिका और दक्षिण कोरिया का पक्ष

दूसरी ओर, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का कहना है कि 9 मार्च से 19 मार्च तक चलने वाला यह सैन्य अभ्यास पूरी तरह से रक्षात्मक प्रकृति का है। इसका मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों के खतरे से निपटने के परिदृश्यों पर काम करना है। दोनों देशों के अधिकारियों के अनुसार, यह सैन्य अभ्यास अमेरिका से दक्षिण कोरिया को 'युद्धकालीन परिचालन नियंत्रण' सौंपने की तैयारियों का भी एक हिस्सा है। दक्षिण कोरिया का लक्ष्य है कि राष्ट्रपति ली जे म्यांग के कार्यकाल के समाप्त होने (वर्ष 2030) से पहले सैन्य कमान का यह हस्तांतरण पूरा कर लिया जाए।

### ईरान के हालात और परमाणु हथियारों पर जोर

विश्लेषकों का मानना है कि यह युद्धाभ्यास उत्तर कोरिया के लिए बेहद संवेदनशील समय पर हो रहा है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के नेतृत्व को निशाना बनाकर किए जा रहे ऑपरेशनों को देखते हुए, उत्तर कोरिया की अपने परमाणु हथियारों पर निर्भरता और भी पुख्ता हो सकती है। दक्षिण कोरिया के क्युंगनम विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ लिम इयूल-चुल के अनुसार किम यो जोंग का यह कहना कि 'आक्रामक शक्ति ही सबसे अच्छा बचाव है', इस बात को दर्शाता है कि वे ईरान जैसा हश्र नहीं झेलना चाहते। यह बयान देश और दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि परमाणु हथियार छोड़ने का मतलब उनके लिए तबाही होगा।

**पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के साथ शुरू किया बड़ा सैन्य अभ्यास :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने सोमवार को दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें हजारों सैनिकों के हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का यह सैन्य अभ्यास फरवरी में उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी की कांग्रेस बैठक के ठीक बाद हो रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन ने खुले तौर पर घोषणा की थी कि वह अपने देश के परमाणु शस्त्रागार का और अधिक विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि लगभग 18,000 कोरियाई सैनिक इस 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जो 19 मार्च तक चलेगा। अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में इस अभ्यास में शामिल अपने सैनिकों की संख्या नहीं बतायी है। इन दोनों सहयोगी देशों का यह संयुक्त अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दक्षिण कोरियाई मीडिया में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका कुछ सैन्य संसाधनों को दक्षिण कोरिया से हटा कर ईरान के खिलाफ लड़ाई में ले जा रहा है। 'यूएस फोर्सेज कोरिया' ने पिछले सप्ताह कहा था कि सुरक्षा कारणों से वह सैन्य संसाधनों की विशिष्ट गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं करेगी।

**अगर हमे खतरा हुआ तो दक्षिण कोरिया को मिटा देंगे: उत्तर कोरिया :** उत्तर कोरिया लंबे समय से सहयोगी देशों के संयुक्त अभ्यासों को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताता रहा है और इसे अपने सैन्य प्रदर्शनों और हथियार परीक्षणों को बढ़ाने का बहाना बनाता रहा है। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया का कहना है कि ये अभ्यास रक्षा उद्देश्य के लिए होते हैं। पिछले महीने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने चेतावनी दी थी कि अगर उनकी सुरक्षा को खतरा हुआ तो परमाणु-संपन्न देश दक्षिण कोरिया को 'पूरी तरह से मिटा' सकता है। उन्होंने सियोल के साथ बातचीत करने से एक बार फिर इनकार कर दिया। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी की एक बैठक के समापन के दौरान उन्होंने अगले पांच वर्षों के लिए अपने नीतिगत लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वाशिंगटन से बातचीत के लिए अपने रास्ते खुले रखे। हाल के वर्षों में किम ने सियोल के प्रति अपनी बयानबाजी को और तीखा कर दिया है और उसके साथ कूटनीति के प्रति अपनी अस्वीकृति पर जोर दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सैन्य संघर्ष की आशंका नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक व्यापक रणनीति को आगे बढ़ाना है, जिसके तहत किम के परमाणु हथियारों और मॉस्को तथा बीजिंग के साथ संबंधों के बल पर उत्तर कोरिया की अधिक मजबूत और प्रभावशाली भूमिका स्थापित करना है। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि किम ने अपनी परमाणु-संपन्न सेना को मजबूत करने के लिए नयी हथियार प्रणालियों के विकसित करने का भी आह्वान किया।

## ईरान का खतरनाक प्लान हुआ फेल?: अमेरिकी एजेंसी का दावा- स्लीपर सेल को सक्रिय करने का खुफिया संदेश पकड़ा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब ग्यारहवें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। ऐसे में उग्र होते हालात के बीच अब अमेरिका के खुफिया एजेंसियों का बड़ा दावा सामने आया है। दावा यह किया जा रहा है कि दोनों तरफ से बढ़ते हमलों के बीच अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने एक कोडेड संदेश पकड़ा है। इस संदेश को ईरान से भेजा गया बताया जा रहा है।

अमेरिका के अधिकारियों का कहना है कि यह संदेश विदेशों में पहले से मौजूद स्लीपर सेल यानी छिपे हुए एजेंट को सक्रिय करने के लिए हो सकता है। बताया जा रहा है कि यह संदेश 28 फरवरी को आया। यह वही दिन था जब अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातल अली खामेनेई की मौत हो गई थी। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि इस समय ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया था। बता दें कि स्लीपर सेल वे गुप्त लोग होते हैं जो किसी देश के अंदर या बाहर पहले से रहते हैं। ये आम तौर पर शांत रहते हैं और किसी भी काम में नहीं आते। लेकिन अगर उन्हें कोई संकेत या आदेश मिलता है तो ये अचानक सक्रिय होकर कोई मिशन पूरा कर सकते हैं।

**कथित ईरान के संदेश को लेकर किए जा रहे दावे कुछ इस प्रकार हैं-**

यह संदेश एन्क्रिप्टेड था। मतलब, इसे केवल वे लोग पढ़ सकते हैं जिनके पास इसका कोड है।

संदेश कई देशों में भेजा गया। इसके लिए एक नया रेडियो स्टेशन का इस्तेमाल हुआ, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित होता है।

अभी तक इस संदेश का पूरा मतलब नहीं पता चला है। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

**दावों पर अमेरिका ने क्या कहा? :** खुफिया एजेंसियों के इन दावों के बाद अमेरिका ने सभी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे असामान्य रेडियो संकेतों और गतिविधियों पर नजर रखें।

# ईरान जंग- पाकिस्तान में तेल महंगा, स्कूल बंद

### मंत्रियों की सैलरी-विदेश दौरे रोके; सरकारी दफ्तर हफ्ते में 4 दिन खुलेंगे, कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया है। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इस हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहेंगे।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरे रोक दिए गए हैं। मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में 25% की कटौती होगी। वहीं, पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50% कम ईंधन मिलेगा। 60% सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20% कटौती करेंगे। शरीफ ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमत



60 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। इस वजह से यह निर्णय लिए गए हैं।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी :** पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

**पेट्रोल पंपों पर भीड़ जमा हुई :** कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए।

**बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लिमिट :** बांग्लादेश सरकार को पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर लिमिट लागू करनी पड़ी है। ढाका सहित कई शहरों में पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं और लोग डर के कारण ज्यादा तेल खरीदकर जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। जमाखोरी और अफवाहों को रोकने के लिए बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) ने सख्त नियम लागू किए हैं। अब बाइक के लिए दिन में सिर्फ 2 लीटर पेट्रोल ही मिलेगा।

निजी कारों के लिए अधिकतम 10 लीटर की सीमा तय की गई है, जबकि बसों और ट्रकों के लिए 70 से 220 लीटर तक की लिमिट रखी गई है। हर पेट्रोल पंप पर रसीद देना जरूरी कर दिया गया है और पिछली खरीद की रसीद दिखाए बिना नया ईंधन नहीं मिलेगा। सरकार ने लोगों से घबराकर तेल जमा न करने की अपील की है।

**अफगानिस्तान युद्ध के कारण आईएमएफ किस्त पर खतरा :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर चल रहे युद्ध के कारण पाकिस्तान को मिलने वाली ढ्ढरूस्न फंडिंग की अगली किस्त खतरे में पड़ गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आईएमएफ की एक टीम इस समय पाकिस्तान के दौरे पर है और वह देश की अर्थव्यवस्था की तीसरी समीक्षा कर रही है।

# बांग्लादेश में नहीं थम रहे हिंदुओं पर हमले, दो की हत्या

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले एक सप्ताह में अलग-अलग जिलों में दो हिंदुओं की हत्या और एक मंदिर पर बम हमला होने से हालात को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। मानवाधिकार संगठनों ने इन घटनाओं को बेहद चिंताजनक बताते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर नए सवाल उठने लगे हैं।

हाल के दिनों में हुई घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंदू समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। एक ओर हत्या की घटनाएं सामने आई हैं तो दूसरी ओर मंदिर में बम फेंककर धार्मिक



माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**क्या बोगुरा में कोचिंग संचालक की हत्या से बढ़ी चिंता? :** 6 मार्च की रात बांग्लादेश के बोगुरा जिले में 40 वर्षीय चायोन राजभर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। चायोन राजभर एक कोचिंग सेंटर चलाते थे और स्थानीय स्तर पर शिक्षा से जुड़े कामों के कारण जाने जाते थे। बताया जा रहा है कि अज्ञात हमलावरों ने उन पर अचानक हमला किया और मौके से फरार हो गए। इस घटना ने स्थानीय हिंदू समुदाय में गहरी चिंता पैदा कर दी है।

**क्या कॉक्स बाजार में रंगदारी के विरोध की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी? :** 7 मार्च को कॉक्स बाजार जिले में 29 वर्षीय गणेश पाल की हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक उनसे रंगदारी मांगी जा रही थी और उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें मार डाला। इससे पहले भी चटगांव में रंगदारी का विरोध करने पर आकाश दास की हत्या कर दी गई थी। इसी क्षेत्र के चंदनैश उपजिला के बदुरपारा में 70 वर्षीय चंदन दे को मवेशी चोरी रोकने के कारण मार दिया गया था।

**क्या मंदिर में बम हमले से धार्मिक तनाव बढ़ा? :** 8 मार्च की शाम कुमिला शहर के कालीगाछ ताला काली मंदिर में पूजा के दौरान नकाबपोश हमलावरों ने देसी बम फेंक दिए। इस हमले में पुजारी केशब चक्रवर्ती समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। कुमिला के पुलिस अधीक्षक एमडी अनीसुज्जमां ने मौके का दौरा कर जांच के आदेश दिए हैं।

## अमेरिका आने वाले विदेशी नागरिकों को कानून का पालन करना होगा या देश छोड़ना होगा : हरमीत ढिल्लों

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सहायक अटॉर्नी जनरल हरमीत ढिल्लों ने सोमवार को कहा कि अमेरिका में आने वाले विदेशी आगंतुकों जिनमें कॉलेज परिसरों में पढ़ने वाले छात्र भी शामिल हैं, को अमेरिकी कानूनों का पालन करना होगा। ऐसा न करने वाले देश में रहने का अधिकार खो सकते हैं।

अमेरिका की सहायक अटॉर्नी जनरल हरमीत ढिल्लों ने कहा कि अमेरिका में आने वाले विदेशी आगंतुकों खासकर कॉलेज परिसरों में पढ़ने वाले छात्रों को अमेरिकी कानूनों का पालन करना होगा, अन्यथा उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। द ब्रीफ को दिए एक साक्षात्कार में ढिल्लों ने कहा कि यदि आगंतुक कानून का उल्लंघन करते हैं या विश्वविद्यालय परिसरों में अव्यवस्था फैलाते हैं तो अधिकारियों को सख्त नियम लागू करने चाहिए।

उन्होंने कहा, 'अमेरिका में आने वाले आगंतुकों को कानून का पालन करना होगा, खासकर कॉलेज परिसरों में, वरना उन्हें यहां से जाना होगा।' सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि न्याय विभाग छात्रों के खिलाफ हिंसा या नफरत को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा और उनके नागरिक अधिकारों की रक्षा करेगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में चल रहे तनाव के बीच आई है। ये तनाव 7 अक्टूबर 2023 को इज़राइल पर हुए हमलों और उसके बाद शुरू हुए मध्य-पूर्व संघर्ष से जुड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद बढ़े हैं।

ढिल्लों ने अमेरिकी परिसरों में हुई अशांति का जिक्र करते हुए कहा कि कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में



यहूदी-विरोध (एंटीसेमिटिज़्म) और उग्र विरोध प्रदर्शनों को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा, 'आज हमारे आइवी लीग संस्थानों में भी एंटीसेमिटिज़्म और 7 अक्टूबर 2023 से जुड़े विरोध प्रदर्शनों के कारण काफी अशांति देखने को मिल रही है।' जब आगंतुक कानून तोड़ते हैं तो अधिकारियों को शून्य सहनशीलता की नीति अपनानी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'अगर आप इस देश में मेहमान हैं तो आपको हमारे कानून तोड़ने या हमारे परिसरों में अव्यवस्था फैलाने का अधिकार नहीं है। ढिल्लों ने जोर दिया कि अमेरिका आने वाले विदेशी नागरिक मेहमान की तरह आते हैं और उन्हें देश के कानूनी ढांचे का सम्मान करना चाहिए। 'आप मेहमान हैं, आगंतुक हैं। आप यहां आकर घर के सोफे पर पैर फैलाकर यह उम्मीद नहीं कर सकते कि आपका गर्मजोशी से स्वागत होगा।'

अमेरिका को, अन्य देशों की तरह, अपने कानून लागू करने और यह तय करने का अधिकार है कि कौन देश में रह सकता है। ढिल्लों ने कहा, 'यह बिल्कुल उचित है कि हमारा देश, जैसे अन्य देश करते हैं, अपनी सीमाओं की निगरानी करे और कहे कि अगर आप हमारे कानूनों का पालन नहीं करेंगे, तो आपको यहां से जाना होगा।'

# ट्रम्प ने ईरान जंग पर पुतिन से बात की, कहा- रूस लड़ाई खत्म करने में मदद करना चाहता है

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से ईरान जंग और यूक्रेन के हालात पर 1 घंटे फोन पर बात की। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन ने कहा है कि रूस, ईरान जंग खत्म कराने में मदद करना चाहता है। हालांकि ट्रम्प ने उनसे कहा कि अगर वे रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मदद करें तो वो ज्यादा बेहतर होगा। फ्लोरिडा में मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह उनकी और पुतिन की पहली बातचीत थी। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा हुआ है। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि पिछले 10 दिन में अमेरिका ने 51 ईरानी जहाज डुबो दिए हैं और हजारों सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

**करीब एक घंटे चली बातचीत :** क्रेमलिन के विदेश मामलों के सलाहकार





ङ्घह्लद्ध ह्यद्धड्डह्मश्1 ने बताया कि यह फोन कॉल वॉशिंगटन की पहल पर हुआ और लगभग एक घंटे तक चला। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच विचारों का 'विशेष और उपयोगी आदान-प्रदान' हुआ। बातचीत के दौरान पुतिन ने मध्य-पूर्व में चल रहे सशस्त्र संघर्ष को खत्म करने के लिए तेज राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के कुछ सुझाव रखे।

**खाड़ी देशों और ईरान से बातचीत के बाद दिए सुझाव :** उशाकोव के अनुसार, पुतिन ने ये प्रस्ताव खाड़ी देशों के नेताओं और ईरान के राष्ट्रपति से हुई अपनी हाल की बातचीत के आधार पर तैयार किए थे। इन प्रस्तावों का उद्देश्य था कि अमेरिका-इज़राइल गठबंधन और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को जल्द से जल्द राजनीतिक समाधान के जरिए समाप्त किया जाए।

**ट्रंप ने भी दी स्थिति की अपनी जानकारी :** फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने भी युद्ध की मौजूदा स्थिति पर अपनी राय रखी। उन्होंने यह जानकारी उस संदर्भ में दी जब अमेरिका और ढ्ढह्यह्म्ड्डद्गद्य मिलकर ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान चला रहे हैं। गौरतलब है कि इस युद्ध में ईरान को भारी नुकसान हुआ है और वह रूस का एक महत्वपूर्ण सहयोगी माना जाता है।

**यूक्रेन युद्ध पर भी हुई चर्चा :** इस बातचीत में यूक्रेन से जुड़े संघर्ष का मुद्दा भी उठाया गया। उशाकोव के अनुसार, दोनों नेताओं ने यूक्रेन से जुड़े हालात और इस मुद्दे पर चल रही अमेरिका-रूस वार्ताओं पर भी चर्चा की। पुतिन ने फोन कॉल के दौरान बताया कि रूसी सेना युद्ध क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और कई जगह सफलता हासिल कर रही है।

**पिछली बार दिसंबर में हुई थी बातचीत :** यह बातचीत दिसंबर के बाद पहली बार हुई जब ट्रंप और पुतिन ने सीधे संपर्क किया। दोनों नेताओं की पिछली बड़ी मुलाकात पिछले साल अगस्त में अलास्का में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में हुई थी।

तेल बाजार और वेनेजुएला पर भी चर्चा

कॉल के दौरान वेनेजुएलाऔर वैश्विक तेल बाजार की स्थिति पर भी बात हुई। यह चर्चा खासतौर पर दुनिया में तेल आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता के संदर्भ में हुई।

**बातचीत का माहौल 'खुला और व्यावसायिक' :** क्रेमलिन के अनुसार, पूरी बातचीत का माहौल 'खुला, स्पष्ट और व्यावसायिक' था। दोनों नेताओं ने कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने-अपने विचार साझा किए और आगे भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई।

# क्यों आता है इतना गुस्सा? हेल्थ प्लस तनाव एक रोग हो सकता है

'**अल्बर्ट** पिंटो को गुस्सा क्यों आता है' के नसीर हों या 'मुझसे शादी करोगी' के सलमान, गुस्से में दोनों ही खुद को भी नुकसान पहुँचाते रहते हैं। वाकई गुस्सा है ही ऐसी शै जो आपके शरीर और मन दोनों को नुकसान पहुँचा सकती है।

गुस्सैल स्वभाव व्यक्तिगत रूप से हार्ट अटैक की आशंका को तीन गुना बढ़ा देता है तो 55 साल के बाद छः गुना। गुस्सा हमारी निर्णय क्षमता को न केवल कुंद करता है, बल्कि इसकी निरंतरता यह क्षमता ही खत्म कर देती है। गुस्सा हर उम्र और हर स्थिति में बहुत खतरनाक है। लेकिन युवावस्था में तो यह करेले में नीम जैसी स्थिति पैदा करता है। क्योंकि गुस्से से जहाँ इस उम्र में कार्यक्षमता प्रभावित होती है वहीं करियर और रिश्तों की दुनिया भी इस उम्र में सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। इसलिए गुस्से पर नियंत्रण रखें। इसके लिए आजमाएँ ये टिप्स-

- ध्यान रखें गुस्सा करना आसान है, उसे नियंत्रित करना मुश्किल। क्योंकि गुस्सा करके आप हालात नहीं बदल सकते, सिर्फअपने आपको नुकसान पहुँचा सकते है। इसलिए गहरी साँस लें, रिलेक्स हो जाएँ ताकि गुस्से पर काबू पा सकें।
- गुस्से को शांत करने का सबसे आसान तरीका है कि अपनी मांसपेशियों को रिलेक्स करें। सिर्फ मुट्ठी को खोलने और जबड़े को रिलेक्स करने से आप शांत हो सकते हैं। गहरी साँसें लेने से एंग्जायटी आपके शरीर से बाहर चली जाएगी।
- अपनी आँखें बंद करके गहरी साँस लें औ सोचें कि तनाव आपसे दूर जा रहा है। इससे आप शांत हो जाएँगे और रिलेक्स महसूस करेंगे।
- अगर ट्रैफिक जाम की वजह से गुस्सा आ रहा है, तो अपनी कार में रखे हास्य व मनोरंजन से भरे टेप बजाएँ ताकि आपका ध्यान बँट सके। अगर यह भी काम न करे और आपको महसूस हो कि आपका पारा चढ़ रहा है, तो एक तरफहो जाएँ और अपने आपसे बातें करने लगें ताकि शांत हो सकें। जब तक गुस्सा नियंत्रण में न आ जाए, तब तक फिर से ड्राइविंग न करें।
- अगर आप किसी ऐसी स्थिति में फँस गए हैं कि उस पर विशेष कुछ नहीं कर सकते हैं, तो उससे लड़ने की बजाए सिचुएशन को दूसरे नजरिए से देखने का प्रयास करें। कुछ खुशगवार चीजों के बारे में सोचने लगें।
- अपने आपसे कुछ सकारात्मक बातें दोहराएँ। जैसे- मैं अच्छा महसूस कर रहा हूँ और सब कुछ ठीक-ठाक है। इस तरह भी काम बन सकता है।
- दबा हुआ तनाव अच्छी महक के सहारे जिस्म से रफूचक्कर हो जाता है। इसलिए खुशबूदार तेलों का प्रयोग करें। शुद्ध लेवेंडर तेल टिश्यू पेपर पर डालकर उसे अपनी जेब या पर्स में रख लें या किसी ऐसी जगह पर जहाँ तनावपूर्ण स्थितियों में उसे आसानी से निकाला जा सकता हो।
- जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपका जिस्म एड्रिनॉलीन नामक रसायन का उत्पादन करता है, जो आपके जिस्म में कम से कम 18 घंटे तक रहता है।
- अगर आप बार-बार गुस्सा करते हैं, तो इस रसायन की मात्रा आपके जिस्म में बढ़ती जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार इसे अपने शरीर से बाहर निकालने का सबसे अच्छा तरीका कसरत है। इसलिए दिन में समय निकालें (सुबह ज्यादा बेहतर है) कि आप तेज चहलकदमी, तैराकी या जिममें आधा घंटे तक वर्कआउट कर सकें।
- जल्दबाजी गुस्से के लिए माहौल बनाती है।
- गुस्सा जताने के लिए चीखने के लालच से बचें।

जब आप खुद में गुस्से का अहसास महसूस करने लगें तो यह करना शुरू कर दें-

- 100 तक गिनती गिनें। फिर 10 बार गहरी साँस लें।
- घूमने चले जाएँ और सरपट चाल से चलें।
- मुँह पर ठंडे पानी के छीटें मारें। एक गिलास पानी पिएँ और अपने बिखरे बालों को सँवारने के लिए आईने के सामने आ जाएँ।
- संगीत के जरिए अपना ध्यान बाँटें, जो विषय गुस्सा दिलाए, बातचीत से उसे निकाल दें।
- अगर योग करना जानते हों तो उसे शुरू कर दें।



## हेल्थ के लिए रहें मेंटली कूल



- काम, आराम और व्यायाम में तालमेल बैठाएँ।
- जीवन ईश्वर का दिया एक अनुपम उपहार है। सुबह ईश्वर को इस वरदान के लिए धन्यवाद देना चाहिए।
- पॉजिटीव थिंकिंग से लाइफमें चमत्कार हो सकता है।
- खुश रहना आपका जन्मसिद्ध अधिकार है।
- डे ड्रीमिंग आत्मविश्वास में इजाफा करते हैं। सो, बिंदास सपने देखे।
- संगीत का जादू मन का मौसम बदल देता है।
- रोना भी एक टॉनिक है। इसलिए कभी-कभी दिल भर आए तो रो लीजिए।
- स्पोर्ट्स, पेंटिंग्स, गार्डनिंग, टूरिज्म, म्यूजिक या रीडिंग जैसी हॉबीज विकसित करें।
- 'क्षमा करो भूल जाओ' यानी 'फॉरगिव एंड फॉरगेट' का सिद्धांत अपनाएँ।
- क्रिएटिव राइटिंग से नेगेटिव थिंकिंग कम होती है।
- मिल-जुलकर रहें और खुश रहें।
- इंटेलिजेंस, इमोशन्स और स्प्रिच्युएलिज्म में सही तालमेल बिठाएँ।

प्रिकॉशन्स इज बैटर देन क्योर' यानी उपचार से रोकथाम बेहतर है। समय, प्रयास और धन की दृष्टि से यह फंडा कारगर है। राष्ट्र की खुशहाली व उन्नति युवाओं की सेहत पर निर्भर करती है। अतः देश के युवाओं का दायित्व है कि वह हेल्थ और मेंटल फिटनेस पर ध्यान दें।

**जीवन** में हम बहुत सी शारीरिक और मानसिक बीमारियों से गुजरते हैं। अनावश्यक तनाव भी इसी प्रकार की एक बीमारी है जो बहुत सी मानसिक चिंताओं जैसे जल्दी परेशान हो जाना, प्रतिदिन होने वाले कामों की चिंता करने से उत्पन्न हो जाती है। इस मानसिक तनाव के बहुत से प्रकार होते हैं जैसे- पैनिक डिस्ऑर्डर, ऑपसेसिव-कंपल्सिव डिस्ऑर्डर, फोबिया और पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिस्ऑर्डर।

**कारण**

मानसिक तनाव के बहुत से कारण हो सकते हैं जिनमें मस्तिष्क में पाए जाने वाले रसायनो का बढ़ना या घटना, इन्सोमेनिया, अत्यधिक तनाव, कोई बड़ा हादसा आदि।

इनके साथ कई मेडिकल परिस्थितियाँ भी शामिल हो सकती हैं जैसे- हाईपोग्लायसीमिया या फिर कोई तनावपूर्ण कार्य या यह अनुवांशिक भी हो सकता है।

**लक्षण**

इस तरह के तनाव में शारीरिक लक्षणों के साथ-साथ भावनात्मक लक्षण भी देखे जाते हैं। भावनात्मक लक्षणों में डर,घबराहट,बुरे सपने यह फिर किसी पुराने हादसे की याद शामिल हो सकते हैं। इस तनाव से गुजर रहे मरीजों में नींद कम आना, तेज हृदयगति, हाथों का ठंडा पड़ जाना आदि लक्षण देखे गए हैं।

**उपाय**

इसके इलाज के लिए कई विकल्प मौजूद हैं जिनमें दवाइयों के साथ फिजियोथेरेपी को भी शामिल किया जाता है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले बीमारी को ठीक से जांच लेना जरूरी होता है इसलिए मनोविश्लेषक इसकी जांच के साथ-साथ यह भी पता लगाते हैं कि यह बीमारी कहीं अनुवांशिक तो नहीं।

निम्नलिखित मिलेजुले प्रयोग द्वारा इस बीमारी से निपटा जा सकता है -

**बिहेवियर थेरेपी (व्यवहार पद्धति):** इस थेरेपी में मरीज के अवांछित बर्ताव पर नियंत्रण पाने की कोशिश की जाती है। मरीज इस थेरेपी के माध्यम से कठिन परिस्थितियों का सामना करना सीखता है। इसमें रिलेक्सेशन तकनीक द्वारा मरीज को अपना व्यवहार परिस्थिति के मुताबिक बदलना सिखाया जाता है।

**कॉग्निटिव थेरेपी:** इस थेरेपी में मरीज़ के दिमाग में आने वाले बुरे विचारों पर नियंत्रण रखना सिखाया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि इन विचारों से तकलीफदायक भावनाएं ना उत्पन्न हों।

**कॉग्निटिव-बिहेवोरियल थेरेपी:** कई डॉक्टर दोनों पद्धतियों के संयोजन का भी प्रयोग करते हैं। इस थेरेपी से मरीज जल्दी बेहतर होने के तरीकों को जान पाते हैं।

**रिलेक्सेशन थेरेपी:** यह थेरेपी मरीज को शारीरिक तकलीफों से आराम दिलाने में मददगार साबित होती हैं। इस तकनीक में मरीज से व्यायाम कराया जाता है। इन सारी पद्धतियों के साथ ही कुछ दवाएं भी दी जाती हैं।

**दवाईयां:** हल्के ट्रॉक्यूलाइजर, एंटीडिप्रेसेंट और कई सारी दवाईयां दी जाती हैं जिनसे मरीज आराम महसूस कर सकता है। ज्यादातर उपयोग में आने वाली दवाएं हैं अल्प्राजोलम, डाऐजीपाम,क्लोनेजीपाम आदि। लेकिन दवाईयां प्रयोग करने से पूर्व अपने चिकित्सक से सलाह अवश्य लें।

## लॉन्ग लाइफ जीना है तो खुलकर हँसें

**हँसी** जहाँ आपके चेहरे पर निखार और खूबसूरती बिखेरती है वहीं आपकी लंबी उम्र के लिए भी जिम्मेदार है। जी हाँ, अब एक ताजा रिसर्च से पता चला है कि आप जितना ज्यादा खुलकर मुस्कुराएँगे उतना ही ज्यादा आप जिएँगे। साइक्लोजिकल साइंस में इस हफ्ते एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है।



मिशीगन के अध्ययनकर्ताओं ने अमेरिका की लीग बेसबॉल के प्रमुख खिलाड़ियों की 230 तस्वीरों का अध्ययन किया और उन्हें उनकी मुस्कान के हिसाब से अलग-अलग ग्रुप में रखा। यह सभी खिलाड़ी 1950 से पहले बेसबॉल खेलते थे ।

इन खिलाड़ियों को इनकी मुस्कान के हिसाब से न हँसने वाले, कम हँसने वाले और खुलकर हँसने वालों के ग्रुप में विभाजित कर दिया गया। यह तस्वीरें 1952 के बेसबॉल रजिस्टर से ली गई थीं। इन सब खिलाड़ियों की सेहत, करियर और जन्म तिथि आदि का भी पूरा ब्यौरा लिया गया।

इस अध्ययन में यह पाया गया कि पिछले साल 1 जून तक मरने वाले खिलाड़ियों में से जो नहीं हँसते थे वो औसतन 72.9 साल जिए जबकि कम हँसने वाले 75 और खुलकर हँसने वाले औसतन 79.9 साल जिए। इस अध्ययन से यह साफ हुआ कि खुलकर हँसने से ज्यादा दिनों तक जिंदा रहने की संभावना बढ़ जाती है। अध्यय नकर्ता कहते हैं कि इस पूरे अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जो लोग ज्यादा हँसते और खुश रहते हैं वो ज्यादा दिनों तक जिंदा रहते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 2016



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 2015 का हल



## लॉफिंग ज़ोन



प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।

युवती बोली- तुमने ये क्या किया?

युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।

युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।

युवक- अब ये क्या था?

युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2016



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2015



## सूडोकु -2016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 2016



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली -2015 का हल



## झज्जर जिला के 124 गांव और 15 वार्ड नशा मुक्त घोषित

**एजेंसी**

**झज्जर।** जिले के 124 गांव और नगर निकायों के 15 वार्ड नशामुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह जानकारी उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने यहां हुई जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की मासिक बैठक के बाद दी। जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर लघु सचिवालय में डीसी स्वप्निल रविंद्र की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की बैठक में डीसीपी जसलीन कौर भी मौजूद रही। सभी एसडीएम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। डीसी ने कहा कि जिला के 124 गांवों और 15 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। सभी गांवों को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर उपमंडल स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को तेज किया जाए। गांव और वार्ड स्तर पर पहले से गठित टीमों को एक्टिव मोड में लाया जाए और एसडीएम इन टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जाए और जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर चलाया जाए। डीसी पाटिल ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसलिए जरूरी है कि इस पर प्रशासन, पुलिस, पंचायतें और समाज सेवी संस्थाएं मिलकर काम करें।

## सीबीएसई ने 12वीं के गणित प्रश्नपत्र को बताया पूरी तरह सुरक्षित, क्यूआर कोड को लेकर संदेह पर दी सफाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं के गणित के प्रश्नपत्र को लेकर उठी आशंकाओं पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि प्रश्नपत्र पूरी तरह वास्तविक और सुरक्षित हैं तथा उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार का समझौता नहीं हुआ है।सीबीएसई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रश्नपत्रों में सुरक्षा के कई प्रावधान किए गए हैं, जिनमें संदिग्ध स्थिति में प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता जांचने के लिए क्यूआर कोड भी शामिल है। बोर्ड के अनुसार 9 मार्च को कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ प्रश्नपत्र सेट में यह देखा गया कि दिए गए क्यूआर कोड में से किसी एक को स्कैन करने पर वह एक यूट्यूब वीडियो से लिंक हो रहा है। इससे छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता को लेकर कुछ चिंताएं उत्पन्न हो गईं। सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि प्रश्नपत्र पूरी तरह वास्तविक हैं और उनकी सुरक्षा में कोई कमी नहीं आई है। बोर्ड ने कहा कि इस विषय में उठी शंकाओं को दूर कर दिया गया है। हालांकि बोर्ड ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर का अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। जहां मैदानी इलाकों में पारा तेजी से चढ़ रहा है, वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में अभी भी पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 35-37 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। यहां गर्मी की स्थिति 13 मार्च तक बनी रहेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आने वाले कुछ दिन उत्तर और मध्य भारत के लिए काफी गर्म रहने वाले हैं। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 13 मार्च तक गर्मी की यही स्थिति बनी रहेगी। आईएमडी के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ और झारखंड के कई हिस्सों में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। मध्य भारत में पश्चिमी राजस्थान विदर्भ सौराष्ट्र और कच्छ में पारा 38-41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। दक्षिण और पश्चिम के केरल तमिलनाडु मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में तापमान 35-38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, मध्य प्रदेश और असम जैसे राज्यों में अधिकतम तापमान 14-18 डिग्री दर्ज किया गया। तटीय इलाकों (गोवा, आंध्र प्रदेश, केरल) में न्यूनतम तापमान 18-22 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में 16 मार्च तक वर्षा और हिमपात होने के आसार हैं। 10-11 मार्च को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

## कोलकाता पोर्ट के ऐतिहासिक बासक्यूल पुल के नवीनीकरण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट स्थित ऐतिहासिक बासक्यूल पुल के नवीनीकरण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 117.54 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के डॉक सिस्टम की सुरक्षा और परिचालन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार 'विरासत भी, विकास भी' की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। यह परियोजना एक महत्वपूर्ण विरासत संपत्ति को संरक्षित करते हुए आधुनिक तकनीक से उसे सुरक्षित, तेज और अधिक कुशल पोर्ट संचालन के लिए तैयार करेगी। मंत्रालय ने बताया कि करीब छह दशक पुराने इस दो लेन के बासक्यूल पुल का निर्माण मूल रूप से वाग्नर-बिरो ब्रिज सिस्टम्स एजी ने किया था। अब इसमें व्यापक संरचनात्मक मजबूती और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल अपग्रेड किए जाएंगे। प्रस्ताव का मूल्यांकन 16 फरवरी 2026 को मंत्रालय की डेलीगेटेड इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में किया गया था।

# निष्पक्ष और पारदर्शी कर प्रणाली समावेशी विकास की मजबूत नींव: राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि प्रत्यक्ष कर देश के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक स्थिर राजस्व स्रोत के रूप में यह सरकारों को अवसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश करने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी कर प्रणाली समानता को बढ़ावा देती है और समावेशी तथा सतत विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा (आईटी) के 79वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि राजस्व सेवा का



दायित्व केवल कर संग्रह तक सीमित नहीं है। जटिल वित्तीय लेन-देन का विश्लेषण करने, सीमाओं के पार अवैध वित्तीय प्रवाह का पता लगाने और जटिल कॉरपोरेट संरचनाओं को समझने की क्षमता आईआरएस अधिकारियों को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में राष्ट्र का महत्वपूर्ण सहयोगी बनाती है। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे अपने आचरण और निर्णयों में विवेक बरतें। एक विवेकपूर्ण अधिकारी प्रवर्तन और सुविधा, अधिकार और विनम्रता तथा तकनीकी क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे अपने अधिकार का प्रयोग विनम्रता, संयम और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ करें।

## घर-घर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य शीघ्र पूरा करें

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में मतदाता सूची से संबंधित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्र अधिकारियों, बीएलओ तथा सुपरवाइजरों ने प्रतिभागिता की। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षणके कार्य को प्राथमिकता देते हुए घर-घर जाकर इसे शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मैपिंग कार्य 10 प्रतिशत से कम हुआ है, वहां इसे बढ़ाकर कम से कम 20 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। साथ ही अगली बैठक से पहले समग्र एसआईआर कार्य कीप्रगति 15 प्रतिशत तक सुनिश्चित की जाए। नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा आवश्यक संशोधन का कार्य पूरी सावधानी और पारदर्शिता से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक अभिलेख और विवरण निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा को भेजे जाएं। इसके साथ ही कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए। अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुएनिर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि बीएलओ द्वारा एसआईआर के लिए मांगा गया डाटा स्पष्ट रूप से उपलब्ध करवाएं, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

## 'श्री रामायण यात्रा' ट्रेन 30 मार्च को दिल्ली से होगी रवाना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भगवान राम से जुड़े पवित्र स्थलों की यात्रा कराने वाली प्रतिष्ठित 'श्री रामायण यात्रा' ट्रेन 30 मार्च को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी की ओर से चलाई जा रही यह विशेष भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन 16 रात और 17 दिन की तीर्थ यात्रा पर प्रमुख रामायण स्थलों का भ्रमण कराएगी।

भारतीय रेलवे ने 'देखो अपना देश' और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों की शुरुआत की है। इसी क्रम में संचालित की जा रही यह रामायण यात्रा श्रद्धालुओं को रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करेगी। यह ट्रेन अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर (नेपाल), बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और रामेश्वरम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को कवर करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी और सरयू घाट के दर्शन करेंगे। इसके अलावा वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती सहित कई धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्ण वातानुकूलित ट्रेन में प्रथम एसी, द्वितीय एसी और तृतीय एसी श्रेणी की व्यवस्था होगी और कुल लगभग 150 पर्यटक इसमें यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन में दो रेस्टोरेंट, आधुनिक रसोई, शॉवर क्यूबिकल, सेंसर आधारित वॉशरूम, सीसीटीवी कैमरे और प्रत्येक कोच में सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था भी होगी। यह ट्रेन दिल्ली के अलावा गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर और लखनऊ रेलवे स्टेशनों से भी यात्रियों को चढ़ने और उतरने की सुविधा देगी। पूरी यात्रा लगभग 7,560 किलोमीटर की होगी और 17वें दिन ट्रेन वापस दिल्ली पहुंचेगी। आईआरसीटीसी ने इस पैकेज का किराया तृतीय एसी के लिए 1,14,100 रुपये, द्वितीय एसी के लिए



1,51,225 रुपये और प्रथम एसी के लिए 1,64,940 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया है। इस पैकेज में ट्रेन यात्रा, तीन-सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था, शाकाहारी भोजन, एसी बसों से स्थानीय भ्रमण, यात्रा बीमा और टूर मैनेजर की सेवाएं शामिल होंगी।

## टटीरी गाने की दो शिकायतों पर लिया गया तुरंत संज्ञान : रेणु भाटिया

**एजेंसी**

**जींद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा है कि हमारे पास टटीरी गाने की दो शिकायतें आई थी। हमने तुरंत संज्ञान लेते हुए गाने को रोकने के लिए समन जारी किए। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को बादशाह को पानीपत बुलाया गया है। गाने में जो शब्द इस्तेमाल किए गए हैं, वे शर्मनाक हैं। गाने में स्कूली छात्राएं और रोडवेज बस दिखाई गई हैं। लड़कियों के लिए जो शब्द बोले गए हैं, वे माफी के लायक नहीं हैं।

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर शिकायत से सुकून तक के तहत अभियान चलााया जा रहा है। आठ मार्च से शुरू हुए इस अभियान के तहत हर दिन दो या तीन जिलों के मामलों को एक स्थान पर सुन कर उनका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जींद में जींद और कैथल जिलों के मामलों की सुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में कैथल के 10 और




जींद के 18 मामले कुल 28 शिकायतें आयोग के समक्ष आईं। इनमें से अधिकांश मामले दहेज, व्यक्तिगत व यौन उत्पीडऩ और संपत्ति विवाद से जुड़े थे। भाटिया ने कहा कि कई बार लोग पारिवारिक या संपत्ति से जुड़े निजी विवादों को यौन उत्पीडऩ का रूप दे देते हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि देवर, जेठ, सास, बहू या पारिवारिक संपत्ति से जुड़े विवादों को अनावश्यक रूप से यौन उत्पीडऩ के मामलों में नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन मामलों का समाधान नहीं हो सका है, उनकी सुनवाई के लिए कुछ मामलों को पंचकूला में अगली तारीख पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं बल्कि महिलाओं को न्याय और मानसिक सुकून दिलाना है। इसी उद्देश्य से पूरे सप्ताह अलग-अलग जिलों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र से बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस घोषित करने की मांग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में हो रहे बाल विवाह की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए भारत के बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं विधिवेत्ता भुवन ऋभु ने संयुक्त राष्ट्र से बाल विवाह के उन्मूलन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन द स्टैटस ऑफ वुमेन (सीएसडब्ल्यू) के 70वें सत्र के मौके पर एक कार्यक्रम में उन्होंने वर्चुअली माध्यम से कहा कि हाल के वर्षों में भारत में बाल विवाह में उल्लेखनीय कमी आई है लेकिन आज भी दुनिया में हर 3 सेकेंड में कहीं न कहीं एक बाल विवाह हो रहा है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र को 'बाल विवाह उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' की घोषणा करनी चाहिए ताकि इसके खिलाफ वैश्विक प्रतिबद्धता व जवाबदेही मजबूत हो और दुनिया भर की सरकारें तथा समाज इस अपराध को समाप्त करने के लिए संगठित हों। ' उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि बाल विवाह का अंत संभव है। रोकथाम संरक्षण अभियोजन एवं बच्चों, समुदायों और धर्मगुरुओं की भागीदारी पर आधारित 'संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण के साथ हमारा देश 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत में तीन वर्षों से भी कम समय में बाल विवाह की दर 23 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। बाल विवाह दरअसल एक बच्चे के साथ होने वाले दुष्कर्म और यौन शोषण से कम नहीं है जिसे अक्सर संस्कृति या परंपरा की ओट में छिपा दिया जाता है।

विशेषज्ञों ने यह भी रेखांकित किया कि कई देशों में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानूनी ढांचे पहले से मौजूद हैं लेकिन उनके कमजोर क्रियान्वयन के कारण यह प्रथा अब भी जारी है। कार्यक्रम में मौजूद सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो, नेपाल की महिला बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग का पुरजोर समर्थन किया। इससे बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

भुवन ऋभु वर्ल्ड लॉ कांग्रेस 2025 में वर्ल्ड जूरिस्ट एसोसिएशन की ओर से 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित हो चुके हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने यह कार्यक्रम सिएरा लियोन की प्रथम महिला तथा ऑर्गनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन फर्स्ट लेडीज़ फॉर डेवलपमेंट की अध्यक्ष डॉ. फातिमा मादा बायो के कार्यालय के साथ साझेदारी में आयोजित किया था।

इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहायक महासचिव एवं कार्यक्रम निदेशक पियो स्मिथ फ्रांस सरकार की मानवाधिकार राजदूत इसाबेल रोम, जर्मनी के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत थॉमस जाहनाइजेन, अफ्रीकी संघ की ओर से डॉ. एंजेला मार्टिन्स, संयुक्त राष्ट्र वुमेन की क्षेत्रीय राजदूत एवं रीजेनरेटिव हब्स की संस्थापक जहा दुकुरेह और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की जनरल काउंसिल रचना त्यागी सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां मौजूद रहे।

## नशे से भी ज्यादा खतरनाक बनती जा रही इंटरनेट लत, 400 किशोरों पर शोध

**एजेंसी**

**हिसार।** यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में किए गए एक शोध में किशोरों में बढ़ती इंटरनेट लत के पीछे के मनोसामाजिक कारणों का खुलासा हुआ है। यह शोध मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार के निर्देशन में डॉ. अमित सारसर ने पीएचडी के तहत किया। शोध में पाया गया कि इंटरनेट लत का सीधा संबंध टालमटोल और आवेगशीलता से है। जिन किशोरों में कार्यों को टालने और आवेग में निर्णय लेने की प्रवृत्ति अधिक पाई गई, उनमें इंटरनेट लत का स्तर भी अधिक देखा गया। इसके अतिरिक्त, जिन किशोरों में आत्मसम्मान और लचीलापन का स्तर कम था, उनमें इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग की प्रवृत्ति अधिक पाई गई।अध्ययन में यह भी सामने आया कि भावनात्मक अस्थिरता जैसे व्यक्तित्व गुण इंटरनेट लत से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण लड़कों और शहरी लड़कियों में अधिक प्रभाव शोध के निष्कर्षों के अनुसार, ग्रामीण किशोर लड़कों में इंटरनेट लत का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया, जिसका एक संभावित कारण ऑनलाइन गेमिंग की अधिक प्रवृत्ति और सीमित मनोरंजन साधन हो सकते हैं। वहीं, शहरी किशोरियों में सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के अधिक उपयोग के कारण इंटरनेट निर्भरता का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया।हालांकि लिंग और क्षेत्र के आधार पर स्वतंत्र रूप से कोई बड़ा अंतर नहीं मिला, लेकिन दोनों के संयुक्त प्रभाव (इंटरैक्शन) से महत्वपूर्णअंतर सामने आया, जो दर्शाता है कि इंटरनेट लत एक बहुआयामी मनोवैज्ञानिक समस्या है। नियमित काउंसलिंग कार्यक्रम, भावनात्मक संतुलन एवं आत्म-नियंत्रण प्रशिक्षण तथा डिजिटल साक्षरता अभियान चलाए जाने चाहिए।

## एचपीएससी ने जारी किया ड्रग कंट्रोल ऑफिसर भर्ती का शेड्यूल

**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हरियाणा लोक सेवा आयोग ने ड्रॅग कंट्रोल ऑफिसर भर्ती के संबंध में इंटरव्यू शेड्यूल जारी कर दिया है। इंटरव्यू शेड्यूल के अनुसार 12 मार्च को सुबह व दोपहर के सत्र में अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि राज्य सरकारें ड्रग इंस्पेक्टरों की नियुक्ति के लिए 'अनुभव' (जैसे 18 महीने का अनुभव) की ऐसी कोई अतिरिक्त शर्त नहीं जोड़ सकती, जो केंद्रीय नियमों में नहीं है। इस फैसले से उन युवाओं को राहत मिली है, जिनके पास डिग्री तो थी, लेकिन अनुभव न होने के कारण वे भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे। अब केवल शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी इस पद के लिए पात्र माने जाएंगे। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने भर्ती प्रक्रिया साल 2015 में शुरू की गई थी, लेकिन मामला कोर्ट पहुंचने के कारण लंबित चल रहा था। अब केस का फैसला आने के बाद आयोग ने 50 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया है।

## रानी दुर्गावती अभयारण्य बनेगा चीतों का तीसरा घर : मोहन यादव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है। जल्द ही वहां भी चीते छोड़े जाएंगे।मुख्यमंत्री यादव ने मंत्रिपरिषद् की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में चीते तेजी से फल-फूल रहे हैं। हाल ही में पांच नये शावकों की आमद से चीतों का परिवार और भी समृद्ध हुआ है। सरकार करीब दो महीने बाद रानी दुर्गावती अभयारण्य में भी चीते छोड़ने जा रही है। इससे मध्य प्रदेश में चीतों के तीन घर तैयार हो जाएंगे। हम मगर/घड़ियाल और कछुए भी विभिन्न जल क्षेत्रों में मुक्त करेंगे, ताकि हमारी जैव सम्पदा और भी समृद्ध हो सके। यादव ने कहा कि टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। खेलने वाले कुल 20 देश, 55 मैच और विजेता- भारत, यह आंकड़े बताते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम ने दृढ़ संकल्प, साहस और पराक्रम से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्य प्रदेश के दो होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि मध्य प्रदेश में जल संचयन के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा सराहना की गई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने गत 05 मार्च को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा था कि मध्य प्रदेश सामुदायिक सहभागिता से जल संरक्षण और सतत् जल प्रबंधन देश के सामने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मध्य प्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। मध्य प्रदेश बांधों की संख्या के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। जल संचयन के प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार भी जल इस दिशा में जनभागीदारी से ऐसा ही कदम बढ़ाने जा रही है। यादव ने बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में 2.79 लाख से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। दूसरे चरण में भी मध्यप्रदेश में 72 हजार 647 जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं और 64 हजार 395 जल संरचना निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में इस साल 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में दस्तावेजों के डिजिटल पंजीयन का काम शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश में प्रति वर्ष करीब 16 लाख से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है। यह एक बड़ा काम है पर हम इसे समय-सीमा में ही पूरा करेंगे। संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई- पंजीयन शुरु कर दिया है।

## गरीब किसानों की कीमत पर 'घटिया राजनीति' कर रही ममता सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल सरकार और विपक्ष पर आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने सस्ती और घटिया राजनीति के लिए गरीब किसानों को केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित कर 'पाप' किया है।

उन्होंने कहा कि देशभर में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है, लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने केवल प्रधानमंत्री के नाम से आपत्ति के कारण योजनाएं लागू न कर किसानों के साथ खुला अन्याय किया है, जिसका जवाब पश्चिम बंगाल की जनता चुनाव में देगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य से जुड़ी महत्त्वपूर्ण योजना को पूरे देश के 100 में से 96 जिलों में लागू किया गया, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के चार जिलों- दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार, कालिम्पोंग, खड़गांव जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को योजना से बाहर रखकर गरीब किसानों का नुकसान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना का उद्देश्य इन जिलों में




खेती की लागत घटाना, सिंचाई सुविधाएं बढ़ाना और ऋण की उपलब्धता सुधारना था, लेकिन ममता सरकार ने राजनीतिक द्वेष में किसानों तक यह लाभ पहुंचने नहीं दिया। शिवराज सिंह चौहान ने इसे 'शर्मनाक' बताते हुए कहा कि केवल इसलिए कि योजना के आगे प्रधानमंत्री का नाम जुड़ा है, टीएमसी सरकार इसे लागू नहीं कर रही, जबकि नुकसान सीधे खेतों में पसीना बहाने वाले किसानों को हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी कई केंद्रीय योजनाएं पश्चिम बंगाल में लागू न करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों ने क्या बिगाड़ा था, जो तृणमूल सरकार ने उन्हें सुरक्षा कवच से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केंद्र सरकार रासायनिक खाद के अतिरिक्त उपयोग से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए प्राकृतिक खेती मिशन चला रही है, वहीं पश्चिम बंगाल सरकार इस मिशन को भी लागू नहीं कर रही, जिससे राज्य की जमीन और जनता के स्वास्थ्य की चिंता किए बिना केवल वोट बैंक साधने की राजनीति हो रही है। कृषि मंत्री शिवराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर लगभग 357 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे भारत की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय दोनों मजबूत हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने करीब 150 मिलियन टन से अधिक चावल उत्पादन के साथ चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है, जबकि गेहूं, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली जैसी फसलों में भी रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज हुआ है। चौहान के अनुसार, पहले भारत को पीएल-480 के तहत आयातित गेहूं पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज हालात यह हैं कि देश के गोदाम गेहूं और चावल से भरे पड़े हैं और सरकार को चिंता इस बात की है कि 'रखे कहां ', जबकि दुनिया भारत के किसानों और नीतियों की सराहना कर रही है। उन्होंने बताया कि दालों का उत्पादन लगभग 19 मिलियन टन से बढ़कर 25-26 मिलियन टन के आसपास पहुंच गया है और बागवानी उत्पादन भी 369 मिलियन टन से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का बड़ा स्रोत बना है।

## फरल के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय पहुंची डीसी अपराजिता, बच्चों के साथ की जॉयफुल एक्टिविटी

**एजेंसी**

**कैथल।** उपायुक्त अपराजिता ने गांव फरल स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय का दौरा कर बच्चों के साथ जॉयफुल एक्टिविटी में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ खेल-खेल में सीखने वाली कई गतिविधियां करवाईं और उन्हें पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डीसी ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना भी उतना ही जरूरी है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे विषयों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि वे पढ़ाने के ऐसे रोचक तरीके अपनाएं, जिनसे बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़े और वे सीखने की प्रक्रिया का आनंद लें।दौरे के दौरान डीसी अपराजिता ने कक्षा चौथी और पांचवीं में जाकर बच्चों के साथ अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने पानी से भरी बाल्टी में कक्षा में मौजूद विभिन्न वस्तुओं को डालकर डूबने और तैरने की



